रोहतक
शनिवार 23 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 108
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 45.3
न्यून. 27.6

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 माया रेवती खेलेंगी जूनियर फ्रेंच ओपन

खबर संक्षेप

मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले को मिल रही धमकी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है। दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे कॉल आ रहे हैं।पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले विक्रम साहू रातोंरात सुर्खियों में आ गए थे।

समझौते के करीब पहुंचे ईरान और अमेरिका

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। यह दावा तब किया गया है जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ईरान के दौरे पर हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की है। इस दौरान ईरान युद्ध को खत्म करने के प्रस्तावों पर चर्चा हुई है। सऊदी अरब समर्थित मीडिया अल अरबिया ने यह दावा किया है।
(पेज 8 भी देखें)

भोजशाला में 700 साल बाद बदला इतिहास

धार। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद, शुक्रवार को वहां करीब 700 साल में पहली बार जुमे पर नमाज नहीं हुई और सिर्फ पूजा-अर्चना की गई। भोज उत्सव समिति ने परिसर में वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित कर दर्शन-पूजन कराया व कारसेवकों के परिजनों का सम्मान किया। भोजशाला में जय सियाराम की गूंज सुनाई दी। सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। एजेंसी

नमाज नहीं, पहली बार हुई सिर्फ 'अखंड पूजा'

पंजाब के पठानकोट से पकड़ा पाक जासूस

पठानकोट। पंजाब पुलिस ने पठानकोट से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर सीमा पार बैठे अपने आईएसआई आकाओं को सेना की गतिविधियों की फुटेज भेजता था। आरोपित का नाम बलजीत सिंह बिट्टू है। वह पठानकोट के गांव ढालीवाल का रहने वाला है। आरोप है कि बिट्टू ने सेना और अर्धसैनिक बलों की गतिविधियों की जानकारी पाकिस्तान भेजी है। वहीं दूसरी तरफ बिहार के मुजफ्फरपुर से मोहम्मद मुस्तफा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह पाकिस्तान में स्थित हैंडलरों को भारतीय सेना व अन्य गुप्त जानकारी भेजता था। उससे पूछताछ की जा रही है। एजेंसी

दिल्ली दंगे के आरोपी उमर को 3 दिन की जमानत

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में 7 साल से जेल में बंद आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत 1 जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए 1 लाख का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है। वह इस मामले में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है, लेकिन उनकी मां की मेडिकल स्थिति को देखते हुए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया गया। *एजेंसी*

विनेश मामले में डब्ल्यूएफआई को फटकार बदले की भावना से काम न करे संघ : हाईकोर्ट

केंद्र को निर्देश, विशेषज्ञ पैनल बनाकर मामले की जांच करवाएं

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलने से रोकने पर कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि मशहूर खिलाड़ियों को पहले भी छूट दी जाती रही है, फिर अब अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने केंद्र सरकार से कहा कि विनेश फोगाट मामले में एक्सपर्ट पैनल बनाया जाए और मामले की जांच करवाई जाए।

- मशहूर खिलाड़ियों को पहले छूट मिलती रही, अब क्यों नहीं
- विनेश को एशियाई खेलों के ट्रायल में हिस्सा लेने का मौका मिलना चाहिए

कुछ मामलों में दी जाती है छूट

हाईकोर्ट ने कहा कि मातृत्व अवकाश के बाद वापसी कर रही विनेश को आगामी एशियाई खेलों के ट्रायल में हिस्सा लेने का मौका मिलना चाहिए। कोर्ट ने कहा-भारत में मातृत्व का सम्मान किया जाता है और किसी भी खेल संघ को बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया था कि कुछ मामलों में खिलाड़ियों को नियमों में छूट दी जा सकती है।

संघ ने इसलिए लगाया था बैन

डब्ल्यूएफआई ने एंटी-डोपिंग नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले एथलीटों के लिए अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून, 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके बाद विनेश ने 18 मई को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के इस आदेश को चुनौती दी थी। विनेश के वकील ने उन्हें टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विवाद या मतभेद चाहे जो भी हो, लेकिन खेल जगत को इसका नुकसान नहीं होना चाहिए?

सीबीएसई : ओएसएम सिस्टम में खामियां, छात्रों ने धुंधली कॉपियों पर मांगे ग्रेस मार्क्स

लिंक या तो खुल ही नहीं रहा था या काम नहीं कर रहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीएसई की नई ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम को लेकर छात्रों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 12वीं के रिजल्ट के बाद देश के छात्र मूल्यांकन में गड़बड़ी व तकनीकी खामियों का आरोप लगा रहे हैं। अब पुनर्मूल्यांकन के तहत छात्रों ने स्कैन की गई आंसर शीट देखीं, तो नई समस्याएं सामने आईं। छात्रों का दावा है कि कॉपियां धुंधली हैं, कई जवाब चेक ही नहीं हुए, स्टेप मार्किंग में गलती है और टोटल में भी गड़बड़ है। छात्र अब ग्रेस मार्क्स की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सिस्टम में हुई गलतियों की भरपाई के लिए अतिरिक्त नंबर दें।

- 12वीं रिजल्ट में गड़बड़ी पर सवाल
- बिना चेक किए ही छोड़ दिए कई जवाब
- कई छात्रों ने कहा, आंसर शीट देखने में भी परेशानी

इसलिए नहीं देख पा रहे कॉपी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कई छात्रों ने तो आंसर शीट देखने में भी परेशानी की बात कही। उनका आरोप है कि सीबीएसई की तरफ से दिया गया लिंक या तो खुल ही नहीं रहा था या ठीक से काम नहीं कर रहा था। जिस वजह से वे अपनी कॉपी देख ही नहीं पाए।

ये भी आरोप

छात्रों का यह भी आरोप है कि उनके पूरे हल किए गए सवाल और कैलकुलेशन बिना जांचे ही छोड़ दिए गए। अलग-अलग पेज पर दिए गए नंबर और फाइनल रिजल्ट में दिख रहे कुल अंकों में फर्क है। मैथ्स जैसे सब्जेक्ट में स्टेप मार्किंग को या तो पूरी तरह इग्नोर कर दिया गया या गलत तरीके से लगाया गया।

क्या है ओएसएम सिस्टम?

सीबीएसई ने इस साल ओएसएम सिस्टम शुरू किया है। इसमें फिजिकल कॉपी चेक करने की जगह आंसर शीट स्कैन करके स्क्रीन पर डिजिटली जांचा जाता है। रिजल्ट आने के बाद से ही फिजिक्स, मैथ्स, अकाउंटेंसी और इकोनॉमिक्स के छात्रों ने कम नंबर और मार्किंग में गड़बड़ी की शिकायत शुरू कर दी थी।

चिलचिलाती गर्मी
हरियाणा समेत तपा पूरा भारत

दुनिया के सबसे गर्म 100 शहरों में 97 भारत के

पारा 47⁰ के पार, 35 शहरों में न्यूनतम तापमान भी 30⁰ से ऊपर

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा/नई दिल्ली

हरियाणा समेत पूरा भारत चिलचिलाती गर्मी से तप रहा है। दुनिया के टॉप-22 सबसे गर्म शहरों में सभी भारत के हैं। इन शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है। वहीं, ओडिशा के बालांगीर में 48 डिग्री तापमान रहा। यह देश का सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतर राज्यों में गर्मी की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार दोपहर को आए आंकड़ों ने दुनिया को चौंकाया है। दुनियाभर के 100 सबसे गर्म शहरों में भारत के 97 शहर रहे। मौसम एजेंसी एक्यूआई वेदर के मुताबिक दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। देश को अगले 3 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। हालांकि हरियाणा समेत उत्तर भारत में 24 मई को कुछ राहत मिल सकती है।

प्रदेश में भी नहीं थम रहा गर्मी का प्रकोप

जिला	अधि.	न्यू.
महेंद्रगढ़	45.3	28.2
भिवानी	45.0	28.0
सिरसा	44.4	30.2
हिसार	43.1	28.6
मेवात	42.9	27.6
जींद	42.9	29.0
सोनीपत	42.6	28.0
रोहतक	42.2	29.1
अंबाला	41.8	28.5
करनाल	41.3	27.6

यूपी सबसे ज्यादा गर्म

- टॉप 22 शहरों में 13 शहर उत्तर प्रदेश के। ओडिशा का बोलांगीर व बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म रहा।
- देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। मुजफ्फरनगर, अयोध्या, पटियाला, वारंगल, हरिद्वार, आगरा, ग्वालियर, धनबाद, चंडीगढ़, भरतपुर व सिंगरौली गर्म शहरों में शामिल हैं।

हीटस्ट्रोक के 300 मामले

गर्मी बढ़ने की वजह से देश में हीटस्ट्रोक के 300 मामले सामने आए हैं। यह सारी बीमारियां गर्मी से जुड़ी हुई है। लगभग सभी राज्य सरकारों ने अपने यहां गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों को अनावश्यक घर बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना हीट स्ट्रोक का कारण बन सकता है।

इन राज्यों ने उठाए कदम

- बिहार के पटना और गयाजी में 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं।
- पंजाब सरकार ने सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे।
- हरियाणा में भी 25 मई से स्कूलों में छुट्टी घोषित करने का ऐलान किया गया है।

अगले दो दिन मौसम

- शनिवार को राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेंगी। असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है।
- रविवार को बिहार, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है।

बहादुरगढ़ की फैक्ट्री में बॉयलर फटने से ब्लास्ट, 5 श्रमिक गंभीर

- आग लगी, लेंटर व मलबा गिरने से मजदूर घायल
- कई के दबे होने की आशंका, सर्च अभियान जारी
- केमिकल व ग्लू बनाने का चल रहा था काम

घायलों में 4 पीजीआई रोहतक रेफर, एक शहर के निजी अस्पताल में भर्ती

बहादुरगढ़(हरिभूमि न्यूज)। बहादुरगढ़ के एमआईई पार्ट-बी में शुक्रवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। काम के दौरान यहां एक एडहेसिव (ग्लू/गोंद) बनाने वाली फैक्ट्री का बॉयलर फटने से ब्लास्ट हो गया और फैक्ट्री में आग लग गई। तेज धमाके के साथ दो मंजिला बिल्डिंग का लेंटर व काफी हिस्सा भर भराकर गिर गया। इस दौरान कई श्रमिक भी चपेट में आ गए। इनमें से 5 को निकाल लिया गया। घायलों में 4 मजदूरों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है, जबकि एक शहर के निजी अस्पताल में भर्ती है। मलबे में कई और श्रमिकों के दबे होने की भी आशंका है, लेकिन इसकी पुष्टि सर्च अभियान पूरा होने के बाद ही हो सकेगी।

दोपहर 12:30 बजे हादसा

हादसा एमआईई पार्ट-बी स्थित विकास हाई टेक एडहेसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। इसमें केमिकल व ग्लू भारी मात्रा में मौजूद था। सूचना पाकर दमकल विभाग की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग से असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी, जिस कारण बचाव कार्य में लगी पुलिस व दमकल टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सांस लेना तक मुश्किल हो गया। हालांकि कुछ घंटे में ही आग बुझा दी गई।

ये मजदूर घायल

घायलों की पहचान नीरू (20), धर्मेंद्र (28), संतोष (40), जयराम निवासी हरदोई और सुभाष निवासी नेपाल के रूप में हुई है। धर्मेंद्र व संतोष की हालत नाजुक है। झुलसे हुए ये चारों पीड़ित पीजीआई रेफर किए गए हैं, जबकि सुभाष शहर के ही निजी अस्पताल में भर्ती है। मौके पर डीसी वर्षा खांगवाल, डीसीपी मयंक मिश्रा, तहसीलदार सुदेश सहित अन्य अधिकारियों ने भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

वयोवृद्ध पूर्व विधायक सहीराम का 105 वर्ष की उम्र में निधन

डबवाली (हरिभूमि न्यूज)। संयुक्त पंजाब के सबसे वयोवृद्ध पूर्व विधायक, हिंदी आंदोलन सेनानी और समाजसेवी सहीराम बिश्नोई (एडवोकेट) का 105 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया है। गांव सकताखेड़ा में शाम को बिश्नोई समाज की रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। सहीराम के निधन पर राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों व बिश्नोई समाज ने गहरा शोक जताया है। जिला प्रशासन की ओर से डबवाली के तहसीलदार ने पुष्पचक्र चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

लंबे समय तक अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे

लापरवाही : पांच अफसरों पर गिरी गाज

बल्लभगढ़ के एसएमओ सस्पेंड, सभी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच वरिष्ठ अधिकारियों पर गाज गिरी है। वहीं, बल्लभगढ़ के एसएमओ को निलंबित कर दिया है। पांचों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सरकार ने आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग व स्वास्थ्य ढांचे के रखरखाव में गंभीर लापरवाही मानते हुए हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के तहत कार्रवाई की है। सरकार ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा को निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ ड्राफ्ट चार्जशीट तैयार कर विभागीय विधिक परीक्षण के बाद 25 मई 2026 तक भेजी जाए।

इनके खिलाफ आरोपपत्र तैयार होगा

जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें डॉ. जयंत आहूजा (सिविल सर्जन, फरीदाबाद), डॉ. गिन्नी लाम्बा (पीएमओ, सिविल अस्पताल, सोनीपत), डॉ. सुरेंद्र यादव (पीएमओ, रेवाड़ी), डॉ. गुरजीत (एसएमओ, झज्जर) और डॉ. टी.सी. गिडवाल (एसएमओ, एसडीसीएच बल्लभगढ़, फरीदाबाद) शामिल हैं। इनके विरुद्ध विभागीय जांच कर आरोप पत्र तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है कि आरोप पत्र का मसौदा जांच प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द तैयार किया जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश : डॉ. टीसी गिडवाल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, उप मंडल नागरिक अस्पताल, बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय सिविल सर्जन कार्यालय, गुरुग्राम निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह कार्रवाई अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) डॉ. सुमिता मिश्रा, आईएएस के आदेश पर की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

माउंट एवरेस्ट से लौट रहे दो भारतीय पर्वतारोहियों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी) दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करना हर पर्वतारोही का सपना होता है, लेकिन कई बार यह सपना बेहद दर्दनाक मोड़ भी ले लेता है। एवरेस्ट शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंचने के बाद नीचे लौट रहे दो भारतीय पर्वतारोहियों की मौत हो गई। दोनों अत्यधिक थकावट का शिकार हो गए थे। नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, मृत पर्वतारोहियों की पहचान अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे के रूप में हुई है। दोनों ने सफलतापूर्वक माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी कर ली थी, लेकिन वापसी के दौरान हालात बिगड़ गए।

अत्यधिक थकावट से गई दोनों की जान
अब तक कुल पांच लोग गंवा चुके हैं अपनी जान

भिवानी में 35 करोड़ की 9 किलो हेरोइन बरामद

भिवानी (हरिभूमि न्यूज)। गुरुग्राम एसटीएफ ने भिवानी की इंद्रा कॉलोनी में छापेमारी कर एक युवक से आठ किलो 940 ग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 35 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क की टीम में शामिल तस्कर रोहित को उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह पंजाब से हेरोइन की सप्लाई मंगवाता था और हरियाणा में अलग-अलग जिलों में सप्लाई करता था। नशा तस्कर रोहित जल्द अमीर बनने की चाह में नशा तस्कर बना है। उसके भाई का नाम भी तस्करी में सामने आ रहा है। उसके खिलाफ भी पंजाब में नशा तस्करी के मामले में कसे दर्ज हैं। एसटीएफ नशा नेटवर्क की सप्लाई चेन, फंडिंग और बाकी के तस्करों की जांच कर रही है। एसटीएफ गुरुग्राम के डीएसपी प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि रोहित के घर से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ है।

मुंबई में ड्रग्स सिंडिकेट पकड़ा

मुम्बई। पुलिस ने ड्रग्स सिंडिकेट से 9.7 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। बरामद हेरोइन की कीमत 34.18 करोड़ है। मामले में अंतरराज्यीय सप्लायर समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर संजय जाधव ने यह जानकारी दी है।

क्रीमी लेयर को लेकर सवाल उठाए, सुको ने की सख्त टिप्पणी

संपन्न परिवारों की अगली पीढ़ी को लगातार आरक्षण ठीक नहीं

'अगर मां-बाप दोनों आईएएस हैं तो बच्चों को कोटा क्यों चाहिए'

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के भीतर आर्थिक और शैक्षिक रूप से उन्नत परिवारों के बच्चों को आरक्षण का लाभ लगातार दिए जाने पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें याचिकाकर्ता को आरक्षण से बाहर रखने के फैसले को सही ठहराया गया था। याचिकाकर्ता के माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए कहा, 'अगर माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं, तो उन्हें आरक्षण क्यों मिलना चाहिए? शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। उसने कहा, 'तो फिर, अगर ऐसे बच्चों के लिए भी आरक्षण की मांग की जाती रही, तो हम इस चक्र से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे।'

समृद्ध वर्गों को आरक्षण से बाहर रखें

उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की कि अगर छात्रों के माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं और उनकी आय भी अच्छी-खासी है, तो ऐसे बच्चों को आरक्षण के दायरे से बाहर हो जाना चाहिए। सरकार द्वारा जारी किए गए कई आदेशों में पहले से ही यह प्रावधान है कि ऐसे समृद्ध वर्गों को आरक्षण के लाभों से बाहर रखा जाए, लेकिन अब उन आदेशों को ही चुनौती दी जा रही है। पीठ ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूहों के मामले में, सामाजिक पिछड़ापन नहीं होता, बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। इसलिए, इस मामले में किसी न किसी तरह का संतुलन होना चाहिए। याचिकाकर्ता को आरक्षित श्रेणी के तहत कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक अभियंता (विद्युत) के पद पर नियुक्ति के लिए चुना था।

जाति वैधता प्रमाण पत्र देने से इनकार

जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने यह निष्कर्ष निकालते हुए कि वह 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आता है, उसे जाति वैधता प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने पाया कि माता-पिता दोनों सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी संयुक्त आय निर्धारित 'क्रीमी लेयर' की सीमा से अधिक थी। याचिकाकर्ता को 'क्रीमी लेयर' में वर्गीकृत करने का आधार उसके माता-पिता की आय थी जो वेतनभोगी कर्मचारी हैं और कथित तौर पर उनकी संयुक्त आय 8,00,000 रुपये से अधिक थी। परिणामस्वरूप, याचिकाकर्ता को जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र, जिसमें उसे 'कुरुबा' समुदाय का बताया गया था, रद्द कर दिया गया।

जाट सभा ने यूपीएससी-आईएफएस में चयनित 53 प्रतिभाओं का किया सम्मान

■ शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने कहा, शिक्षा से बदलती है समाज की तस्वीर ■ कैप्टन अभिमन्यु ने सम्मान कार्यक्रम के लिए दिए 5 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जाट सभा रोहतक की ओर से शुक्रवार को सेक्टर-1 स्थित जाट भवन में सिविल सेवा और भारतीय वन सेवा परीक्षा-2025 में चयनित जाट समाज की प्रतिभाओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के चयनित युवाओं सहित कुल 53 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना रहा। समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की तकदीर और तस्वीर बदलने का सबसे बड़ा माध्यम है। जाट समाज के युवाओं ने यूपीएससी और भारतीय वन सेवा परीक्षा में सफलता हासिल कर यह साबित किया है कि वे अब केवल खेती, खेल और सेना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक नेतृत्व और नीति निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं।

युवाओं की सफलता में परिवारों के संघर्ष का बड़ा योगदान : कैप्टन

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि चयनित युवाओं की सफलता के पीछे उनके परिवारों का संघर्ष और त्याग छिपा है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे समाज के सम्मान से जुड़ी हुई है। उन्होंने युवाओं से प्रशासनिक पदों को जिम्मेदारी और सेवा का माध्यम मानने की अपील की। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि यूपीएससी देश की सबसे प्रतिष्ठित और निष्पक्ष परीक्षा है, जहां सफलता केवल मेहनत और प्रतिभा के दम पर मिलती है। उन्होंने जाट सभा के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों के लिए अपनी ओर से पांच लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा भी की।

प्रशस्ति पत्र, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया

जाट सभा के प्रधान जयवीर ढुल ने बताया कि संस्था हर वर्ष इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करती है। इस बार चयनित सभी अभ्यर्थियों को 11-11 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विकास कुंडू, दिव्या गहलोत, प्रज्ञा गुलिया, सिद्धार्थ सिंह, अभिमन्यु बालियां, दिशा धनखड़ और मानसी डागर सहित कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविद व अभिभावक मौजूद रहे।

ईवी और ऑटो उद्योग को नई रफ्तार देगा हरियाणा : नायब

■ मुख्यमंत्री ने हरियाणा भवन में उद्योग प्रतिनिधियों और निवेशकों के साथ बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा के औद्योगिक विकास, निवेश संभावनाओं और एकीकृत ईवी एवं ऑटोमोटिव विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान वैश्विक ईवी निर्माता कंपनी विनफास्ट से संबंधित प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विनफास्ट की कार चलाकर भी देखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतियां, बेहतर कानून व्यवस्था, कुशल मानव संसाधन, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर से निकटता, मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क हरियाणा को ऑटोमोबाइल और ईवी उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा एंटरप्राइज प्रमोशन सेंटर के माध्यम से निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सभी आवश्यक अनुमतियां और सेवाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और मजबूती मिली है।

सीएम ने दिल्ली की सड़कों पर चलाई ईवी कार

मिडल ईस्ट संकट में उद्योगों के साथ खड़ी है सरकार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिडल ईस्ट में पैदा हुए संकट का उद्योगों, विशेषकर आयात-निर्यात क्षेत्र पर गहरा प्रभाव पड़ा है। ऐसे समय में हरियाणा सरकार उद्योग और व्यापार जगत के साथ मजबूती से खड़ी है।मुख्यमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में एनसीआर के विभिन्न इंडस्ट्रीज और ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे।

जापानी उद्योगपतियों को दिया निवेश का न्योता

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जापानी निवेशकों को हरियाणा में निवेश और औद्योगिक साझेदारी का निमंत्रण देते हुए कहा कि भारत और जापान के संबंध विश्वास, अनुशासन, सौहार्द और उत्कृष्टता के साझा मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर मजबूत और लचीली सप्लाई चेन विकसित कर सकते हैं, जिससे स्मार्ट और ग्रीन भविष्य का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-जापान कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आज भारत में जापानी उद्योगों का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है, जहां करीब 394 जापानी उद्योग और 600 से अधिक जापानी व्यावसायिक प्रतिष्ठान कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जापान यात्रा के दौरान नौ प्रतिष्ठित जापानी कंपनियों ने हरियाणा में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश की इच्छा जताई थी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कर्मचारियों की एसीआर होगी डिजिटल : रस्तोगी

■ कर्मचारियों का मूल्यांकन डिजिटल परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग सिस्टम से होगा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करने का निर्णय लिया है।

इसके तहत अब कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन डिजिटल परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और जिला प्रशासन को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार अप्रैल 2027 से मैनुअल एसीआर प्रणाली पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी और सभी मूल्यांकन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर होंगे। यह प्रणाली एचआरएमएस पोर्टल से जुड़ी होगी, जिससे कर्मचारियों के कार्यों का वास्तविक समय में आकलन संभव हो सकेगा। सरकार ने सभी विभागों से लंबित एसीआर की सूची भी मांगी है ताकि प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जा सके। नई व्यवस्था के तहत ऑनर बोर्ड पर कर्मचारियों की प्रदर्शन आधारित रैंकिंग प्रदर्शित की जाएगी।

प्रदेश के 17 जिलों में बिजली संकट : हुड्डा

चंडीगढ़ । पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा में भीषण गर्मी के कारण प्रदेश का बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर हांफने लगा है। राज्य के 17 जिलों की ग्राउंड रिपोर्ट बताती है कि शहर और ग्रामीण इलाकों में हर दिन 3 से 14 घंटे तक के अघोषित बिजली कट लग रहे हैं। हालत यह है कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर जल रहे हैं। केबलों में आग लग रही है। फ्यूज उड़ने की हजारों शिकायतें रोज कंट्रोल रूम पहंच रहीं हैं। सरकार की 'जगमग योजना' वाले दावों के बीच गांवों में सिर्फ 10 से 12 घंटे बिजली मिल पा रही है. जिससे पेयजल और खेतों की सिंचाई का संकट भी खडा हो गया है। हुड्डा ने कहा कि गर्मी का मौसम आते ही एकबार फिर बीजेपी सरकार के दावे हवा में उड़ने लगे और बिजली सप्लाई ठप पड़ गई। पूरे प्रदेश में लोग कई-कई घंटों के पावर कट झेल रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5834

मनकि फूलपति विधवा ज्ञानसिहं पुत्र टेकचन्द, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 3022/2587 मिन, खाता न0 3379, मु0 न0 286, किला न0 1(8–0), 2/1(2–8), 10/1(3–7), मु0 न0 287, किला न0 5(7–12), 6/1/1(2–13), किते 5, तादादी रकबा 24 कनाल 0 मरला का 1/9 भाग, बकदर 2 कनाल 13.33 मरले (0.3333125 एकड़), वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 287, किला न0 6/1/1(2–13) किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 13 मरले (0.33125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/750

मनकि राकेश पुत्र रामकिशन पुत्र गीना, निवासी एवं बिस्वेदार गांव ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 23/12, खाता न0 25, मु0 न0 11, किला न0 25(6–4), मु0 न0 12, किला न0 21(8–0), मु0 न0 14, किला न0 1(8–0), 2(8–0), मु0 न0 15, किला न0 5(8–16), किते 5, तादादी रकबा 39 कनाल 0 मरला का 1/19 भाग, बकदर 2 कनाल 1.05 मरला (0.2565625 एकड़) वाका रकबा मौजा ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 14, किला न0 2 मिन पूर्व (2–1), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 1 मरला (0.25625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 22.05.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

आठ माह तक चली बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा का आज रोहतक में होगा समापन

रोहतक। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रही सद्भाव यात्रा का 23 मई को रोहतक में समापन होगा। यह यात्रा 5 अक्टूबर को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव दानौदा स्थित बिनैन खाप के चबूतरे से शुरू हुई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 8 मई को गुरुग्राम में इस यात्रा में हिस्सा लिया था और इसकी सराहना की थी। यात्रा के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अमित काजल ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3 बजे यात्रा की शुरुआत रोहतक के राजीव चौक से होगी। इसके बाद यह यात्रा एमडीयू गेट, पावर हाउस चौक, मेडिकल मोड़, डी पार्क, बजरंग भवन, मानसरोवर पार्क, सोनीपत स्टैंड, महिला महाविद्यालय, अंबेडकर चौक, कैनाल रेस्ट हाउस, छोटूराम चौक, सिविल अस्पताल, गोहाना अड्डा, शांतमई चौक होते हुए भिवानी स्टैंड पर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि समापन समारोह में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पूर्व प्रदेश अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

ग्रीन टेक्नोलॉजी पर फोकस : मुख्य सचिव

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार भविष्य की अर्थव्यवस्था और बदलती औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य में आधुनिक, तकनीक आधारित और उद्योग उन्मुखी कौशल विकास प्रणाली तैयार करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ग्रीन टेक्नोलॉजी, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल स्किलिंग और उद्योग आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में बड़े सुधार लागू करने की तैयारी कर ली है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शनिवार यहां कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के स्किलिंग इकोसिस्टम में किए जा रहे व्यापक सुधारों की समीक्षा की। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

सेवा का अधिकार आयोग एप लॉन्च

चंडीगढ़। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने साल 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट जारी कर दी है। इसके साथ ही लोगों की सुविधा के लिए नया ऑटो अपील सिस्टम व्हाट्सएप चैटबूट और मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। अब लोग घर बैठे मोबाइल से ही सरकारी सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे और अपील भी कर सकेंगे। अब अगर किसी सरकारी सेवा में देरी होती है, तो लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लोग व्हाट्सएप नंबर 6239466937 पर मैसेज भेजकर सेवा की जानकारी ले सकते हैं।

सीपीए सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

चंडीगढ़। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के उत्तर भारत क्षेत्र के जोन-2 सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हरियाणा विधान सभा सचिवालय में बैठकों का दौर जारी है। इस सिलसिले में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोक सभा सचिवालय में निदेशक डॉ. यमनम अरुण कुमार, हरियाणा पुलिस के महानिदेशक अजय सिंघल व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं।

बैंक घोटाले में पूरक चार्जशीट दाखिल कर सकती है सीबीआई

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के दर्जनभर से अधिक विभागों के सरकारी धन की बंदरबांट और गड़बड़ी में शामिल आरोपियों के मामले में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी गई है, लेकिन मामले में आगे अतिरिक्त चार्जशीट दाखिल होने की प्रबल संभावना है। करोड़ों रुपये के इस घोटाले में दो अधिकारियों को गवाह के तौर पर शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार, अब तक जिन आईएएस अधिकारियों के नाम सामने आ रहे हैं, उनके अलावा भी दो अन्य आईएएस अधिकारियों के खिलाफ धारा 17-ए के तहत अनुमति दिए जाने की सूचनाएं मिल रही हैं। मामले की जांच अभी जारी है और कई और अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। हरियाणा में विभिन्न विभागों के सरकारी फंड में 500 करोड़ रुपये से अधिक की कथित हेराफेरी के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पहली चार्जशीट पंचकूला स्थित विशेष अदालत में दाखिल कर दी है। सीबीआई ने इस मामले में कुल 15 आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें बैंक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी, शेल कंपनियों के संचालक और निजी व्यक्ति शामिल हैं। आरोपियों पर साजिश रचने, धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, बैंक अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से विभिन्न विभागों के खातों से अवैध रूप से बड़ी राशि निकाली गई।

एचपीजीसीएल में वित्तीय नियमों को लेकर सख्ती

चंडीगढ़। पांच सौ करोड़ से अधिक के बैंक घोटाले के बाद हरियाणा सरकार ने वित्तीय अनुशासन को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। अब सभी सरकारी बोर्डों और निगमों में वित्त विभाग के निर्देश बिना किसी अतिरिक्त अनुमोदन के अनिवार्य रूप से लागू होंगे। हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) ने भी वित्तीय नियमों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार किसी भी वित्तीय कार्य के लिए वित्त विभाग की गाइडलाइन सर्वोच्च मानी जाएगी और सभी निर्णयों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। हाल ही में सामने आए एफडी घोटाले और गिरफ्तारियों के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक

इस संस्थान के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् सत्र 01.07.2026 से 31.12.2026 हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल-10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक सहित सीनियर / जूनियर हाउस सर्जन के 153 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी हेतु रु. 500/- और हरियाणा निवासी के एससी / बीसी इत्यादि हेतु रु. 125/- की दर से निदेशक (लेखा शाखा) के कार्यालय के काउंटर से प्राप्य निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए।

सम्पर्क टेलीफोन नंबर सहित सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 05.06.2026 तक ठीक अप. 5.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

हस्ता/- चिकित्सा अधीक्षक

संवाद-1241/11/85/2027/45482/सी/88/6 दि. 22.05.26

DISTRICT RED CROSS SOCIETY, ROHTAK

NOTICE INVITING OPEN TENDER

The Worthy Deputy Commissioner-cum-President, District Red Cross Society, Rohtak under open bid system for the following work/item invite open tender:-

Sr. No.	Name of work and file reference.	EMD/Bid Money to be deposited.	Base price of the bid.	Reserve license fee for one year.
1.	Allotment of shop No. 07 Chemist in Shopping Complex in UHS, Rohtak for one year extendable for another two years on yearly basis subject to satisfactory report with the condition that license fee of the said shop will be increased by 10% of the license fee per year.	Rs. 40,000/- (Rs. Forty thousand only)	The open bid will start from Rs. 8,50,000/- (Rs. Eight lakh fifty thousand only).	Rs. 1,02,00,000/- (Rs. One Crore two lakhs only) for one year + GST extra as applicable.

1- The bidder shall deposit 40,000/- (Rs. Forty thousand only Earnest Money Deposit (EMD) (refundable) in account of Indian Red Cross Society, District Branch, Rohtak Account No. 000234023000022 IFSC Code UTIB0RCCB01 or in form of cash deposited in office before closing date (08-06-2026) upto 10:00 am. Non submission of EMD would lead to rejection of the tender.
2- Open bid of tender will start on 08-06-2026 at 11.00 AM. in the Conference Hall of Vikas Bhawan o/o Addl. Deputy Commissioner, Rohtak under the supervision of competent authority to be appointed by the Deputy Commissioner-cum-President, District Red Cross Society, Rohtak.
3- The open bid will start from Worth Rs. 8,50,000/- (Eight Lakhs fifty thousand) only.
4- Terms and conditions on each aspect as specified in the tender document available at the web site of District Red Cross Society, Rohtak i.e. https://redcrossrohtak.org/ should only be followed or the same can be obtained from the office of Secretary, District Red Cross Society, Rohtak from in any working day in working hours only.
5- It is clarified that only hard copy of the bid document/supporting documents such as earnest money deposit receipt of the concerned bank shall be accepted. Only the documents which have been attached with tender documents shall be considered. If any documents found missing from the tender, it will be the responsibility of bidder.
6- Tenders should be placed by the licensee in the sealed box which will be kept under the supervision of Secretary, District Red Cross Society, Rohtak in his office i.e. Red Cross Bhawan-II near Tehsil Office, Rohtak.
7- For more information, please contact Secretary, District Red Cross Society, Rohtak Mobile No. 9812469292 & office land Line Phone No. 01262-254588.

Secretary, District Red Cross, Rohtak.

उत्तर रेलवे

ई-निविदा

खुली निविदा संख्या 10-अम्बाला/2026-27 दिनांक 21.05.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.)	अग्रिम राशि (रु.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	रामपुरा फूल रेलवे स्टेशन, गिद्दड़बाहा रेलवे स्टेशन और मलोट रेलवे स्टेशन पर मौजूदा FOB के लिए रैम्प की व्यवस्था।	3,42,24,529	6,84,500	12 महीने	16.06.2026
2	अंबाला डिवीजन में एलडीएच–डीयूआई सेक्शन पर एलसी संख्या सी-29, सी-52 और बीटीआई–एसजीएनआर सेक्शन पर एलसी संख्या 48 के शेष इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर आईपीएस (IPS) लगाने का प्रावधान। (केवल सिविल कार्य)	53,55,974	1,07,100	08 महीने	10.06.2026
3	यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन यार्ड में SSE/P-Way/YJUD के सेक्शन में ADEN/SRE के अधीन लाइन संख्या 2 एवं 3 (पैसेंजर लूप लाइन) पर 60 किग्रा (90 UTS) रेलों को PSC वाइडर स्लीपर 1660 संख्या/किमी (LWR) सहित बिछाकर 1.718 टीकेएन का CTR(P), लाइन संख्या 5 पर 60 किग्रा रेलों को PSC स्लीपर 1540 संख्या/किमी सहित 0.910 टीकेएम का CTR(SH), चांदपुर साइडिंग में 52 किग्रा रेलों सहित TRR(S) (LWR) तथा यार्ड सुधार कार्य जैसे मलबा निस्तारण, डीप स्क्रीनिंग, सैंड हम्प आदि का कार्य।	98,59,716	1,97,200	12 महीने	10.06.2026
4	ADEN/SRE के अंतर्गत SSW, MFB और PKY यार्ड में PSC वाइडर स्लीपर पर बिछाई गई 60kg (90 UTS) रेलों के साथ लूप लाइनों का CTR(P) 1660 नग/किमी (LWR) और HNC-SRE (UP लाइन) के बीच 60kg 90 UTS रेलों के साथ 1.6 किमी TRR(P) का कार्य, तथा PKY, KWT, HNC, JUDW, MFB और DZP यार्ड में यार्ड सुधार कार्य जैसे CTR, TRR, TSR, TTR डीप स्क्रीनिंग, सैंड हंप, मलबे का निपटान आदि।	1,80,19,239	3,60,400	12 महीने	10.06.2026
5	ADEN/Shimla के अंतर्गत यात्री लूप लाइनों पर सी.एस.सी. वाइडर स्लीपरों पर बिछाई गई 60 किलोग्राम (90 यू.टी.एस.) रेलों के साथ सी.टी.आर. (पी.) 1660 नग/किमी., टी.टी.आर. तथा यार्ड सुधार कार्य जैसे कि टी.एफ.आर., पी.आर.सी. स्लीपरों और रेलों का आकस्मिक नवीनीकरण तथा कालका यार्ड की डीप स्क्रीनिंग।	81,90,979	1,63,800	12 महीने	10.06.2026
6	ADEN/SRE के अधिकार क्षेत्र में आने वाले PKY, KWT, HNC, YJUD, JUDW, MFB और DZP यार्ड के सुधार कार्यों के साथ–साथ यार्ड जल निकासी में सुधार।	3,44,34,313	6,88,700	12 महीने	10.06.2026
7	तंदवाल (हॉल्ट) रेलवे स्टेशन पर रैंप के साथ 03 मीटर चौड़ी एफओबी की व्यवस्था।	2,38,09,856	4,76,200	12 महीने	10.06.2026
8	बराड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्री प्लेटफार्म को निचले स्तर से उच्च स्तर तक 600 मीटर तक ऊंचा करना और उसका विस्तार करना।	3,18,13,818	6,36,300	12 महीने	10.06.2026
9	अंबाला कैंट, लालरु, धुलकोट, घग्गर और धप्पर स्टेशनों के प्लेटफार्म पर टैक्टाइल गाइडिंग एवं वार्निंग टाइल्स का प्रावधान।	67,64,124	1,35,300	06 महीने	10.06.2026

नोटः- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1720/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लाभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प अंबाला	अंबाला जिले में अंबाला सिटी में राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण + 12 कार्य।	19.05.2026 25.05.2026	118.11 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम में लोनिवि विश्राम गृह में मानवाधिकार आयोग कार्यालय में 4 अदद कार्यालयों और वॉशरूम का पुनरोद्धार समेत वॉल पैनलिंग और अन्य सहायक कार्य।	बंद होने की तिथि 28.05.2026	28.39 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
3	पंचायती राज भिवानी	गांव टिगराणा जीपी में 5 अदद खेत खलियान रास्ता आईपीबी की पेवमेंट (सीएम घोषणा 24219)।	20.05.2026 27.05.2026	143.31 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in
4	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी	सिवानी जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल तोशाम में सिवानी कैनाल की 10 अदद 150 एचपी मोटर्स की रिवाइंडिंग।	बंद होने की तिथि 01.06.2026	8.09 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com
5	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा	आरडी 0 से 13950 टेल तक लोहारू लिंक चैनल की क्षतिग्रस्त पैच लाइनिंग की मरम्मत + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 01.06.2026	11.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01666-235426 xenrorisrs@rediffmail.com
6	कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक	गांवों लाहली, माड़ौधी जाट्टान, माड़ौधी रांगडान (ब्लॉक–कलानौर) में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन।	20.05.2026 01.06.2026	456.35 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466723261 asco.rtk2015@gmail.com
7	कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक	गांवों पटवापुर, बलब-II, ककराना, गढ़ी बलब और आंवल (ब्लॉक–कलानौर) जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन।	20.05.2026 01.06.2026	627.23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466723261 asco.rtk2015@gmail.com
8	कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक	गांव मकड़ौली खुर्द, मकड़ौली कलां, रुड़की (ब्लॉक–रोहतक) और भराण (ब्लॉक–महम) जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन।	20.05.2026 01.06.2026	821.92 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466723261 asco.rtk2015@gmail.com
9	कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक	गांव मदीना कोरसान और मदीना गिंधरान, ब्लॉक–महम, जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन।	20.05.2026 01.06.2026	815.30 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466723261 asco.rtk2015@gmail.com
10	कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक	गांव बहलबा और खरकड़ा, ब्लॉक महम, जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन।	20.05.2026 01.06.2026	763.61 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466723261 asco.rtk2015@gmail.com
11	कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक	गांव रिटौली, पहरावर, समरगोपालपुर कलां, समरगोपालपुर खुर्द, निदाना ब्लॉक व जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन।	20.05.2026 01.06.2026	684.15 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466723261 asco.rtk2015@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/220/45523/I/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा, पंजाब, हिमाचल व राजस्थान में 30 वारदातों में वांछित आरोपी पकड़े

डेरों में फर्जी पुलिस बनकर डकैती करने वाले दो बदमाशों का एनकाउंटर, पैरों में लगी गोली

■ कैथल के डेरों में लूट व डकैती की 6 वारदात में थे अंबाला निवासी आरोपी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल। मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने लूट व डकैती के कई मामलों में वांछित 2 आरोपियों को एनकाउंटर के बाद कलायत क्षेत्र में काबू कर लिया। दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम गश्त के दौरान कलायत क्षेत्र में मौजूद थी। सूचना मिली कि अंबाला के शहजादपुर निवासी बदमाश रजत व मंगल अभी खडालवा मंदिर की रेकी करने के लिए घूम रहे हैं।

पुलिस को देख बाइक सवार बदमाश भागने लगे। पुलिस टीम ने गाड़ी में पीछा किया तो मटोर बढ़सिकरी रोड पर रजवाहे के पास उनकी बाइक फिसल गई। दोनों आरोपियों द्वारा पुलिस टीम पर छह राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली एचसी हरीश की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों की टांगों में एक-एक गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध असलाह बरामद हुए।

दोनों आरोपी वर्ष 2022 के दौरान कैथल के डेरों में लूट व डकैती की 6 वारदात में वांछित थे। उक्त गिरोह पुलिस की वर्दी डालकर खतरनाक हथियारों के साथ साधुओं के डेरों को निशाना बनाते थे। उक्त गिरोह के 7 सदस्यों को कैथल पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, परन्तु उक्त दोनों आरोपी 4 साल से लगातार भूमिगत थे। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उक्त दोनों आरोपी हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, राजस्थान में लूट व डकैती की करीब 30 वारदातों में वांछित हैं।

गुलेल गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार पुलिस मुठभेड़ में दो को लगी गोली

हरिभूमि न्यूज/महेंद्रगढ़। शहर के हुडा सेक्टर क्षेत्र में गुरुवार रात को अंतरराज्यीय पारदी गुलेल गैंग के बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई, जिसमें पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। बदमाशों के पास से पुलिस को घातक हथियार व चोरी की वारदात में प्रयुक्त किया जाने वाला सामान बरामद हुआ है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गैंग मध्यप्रदेश का है और अपने साथ गुलेल को हथियार की तरह रखता है। आरोपितों की पहचान मध्यप्रदेश के जिला गुना के बिलाखेड़ी निवासी मनीराम, अभय निवासी कनेरा, अर्जुन निवासी कनेरा, विरेंद्र निवासी बिलाखेड़ी, चांद निवासी पटेल नगर व विजय निवासी कनेरा तथा सुनील निवासी माधोगढ़ अशोकनगर के रूप में हुई है। आरोपितों में विजय पर 15 हजार रुपये और चांद पर 5 हजार रुपये का इनाम एमपी पुलिस द्वारा घोषित किया हुआ है। यह दोनों की घायल हुए हैं। इस मामले को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की कोठी में घुसे बदमाशों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। इस गैंग के सदस्य गत 15 मई की रात्रि को भी महेंद्रगढ़ के आदर्शनगर में सीसीटीवी फुटेज में देखे गए थे।

खेल विवि में छात्र की पूल में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

क्रिकेट कोचिंग का डिप्लोमा करने आए थे, परिजनों ने सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठा जांच की मांग की

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में क्रिकेट कोचिंग का पीजी डिप्लोमा कर रहे दिल्ली निवासी छात्र की स्विमिंग पूल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि घटना से जुड़े लोगों के बयान आपस में मेल नहीं खा रहे हैं। मृतक की पहचान दक्षिण दिल्ली के गौतम नगर निवासी निशांत गौतम (30) के रूप में हुई है। बताया गया है कि मंगलवार को विश्वविद्यालय में परीक्षा चल रही थी और निशांत ने दिन में परीक्षा देने के बाद शाम को क्रिकेट अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया था। रात करीब साढ़े आठ बजे वह कुछ सहपाठियों और प्रशिक्षकों के साथ विश्वविद्यालय के तरणताल में गए थे। इसी दौरान वह पानी में डूब गए। निशांत को तुरंत बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठा कि विश्वविद्यालय के तरणताल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि स्विमिंग पूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे थे। पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए तरणताल को बंद कर दिया है।

पत्नी है गर्भवती, एक बच्चे के पिता

मृतक के चाचा कुलदीप ने कहा कि निशांत अच्छे तैराक थे। निशांत विवाहित थे और एक बच्चे के पिता थे। उनकी पत्नी गर्भवती हैं। वहीं, कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि सीनियर कंसलटेंट स्पोर्ट्स प्रो. राजेंद्र प्रसाद गर्ग के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। मामले की गहन और निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं।

कुरुक्षेत्र। कंप्यूटर लैब में आग से जला सामान।

कुरुक्षेत्र विवि की लैब के एसी में ब्लास्ट, सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन डिपार्टमेंट की लैब में शुक्रवार दोपहर एयर कंडीशनर में ब्लास्ट होने के बाद आग लग गई। घटना के समय करीब 25 स्टूडेंट्स लैब में प्रैक्टिकल दे रहे थे। तेज धमाके के बाद लैब में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही मिनटों में पूरा कमरा धुएं से भर गया। समय रहते स्टूडेंट्स को बाहर निकाल लिया गया। मौके पर लगे फायर एग्जीक्यूटर से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। हालांकि तुरंत फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी गई। विभाग के एचओडी प्रो. चंद्रकांत ने बताया कि करीब 15 से 20 मिनट के भीतर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक लैब के अंदर रखा काफी सामान जल चुका था। आग की वजह से एसी, कंप्यूटर सिस्टम और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद में बच्चों को दूसरी लैब में भेजकर प्रैक्टिकल लिया गया।

आग लगने के वक्त 25 स्टूडेंट लैब में मौजूद थे, किसी तरह सुरक्षित निकाला गया बाहर, दूसरी लैब में करवाया प्रैक्टिकल

प्रेम प्रसंग में वॉलीबॉल खिलाड़ी की बंधक बना पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आरोप- तीन दिन तक लड़की पक्ष ने बुरी तरह पीटा और भूखा रखा। अधमरी हालत में घर के बाहर फेंक गए, दो दिन बाद हुई मौत

राजस्थान के युवा राज्यस्तरीय वॉलीबॉल खिलाड़ी की प्रेम प्रसंग के चलते पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने लड़की पक्ष पर अपहरण के बाद तीन दिन तक बंधक बनाकर मारपीट करने व भूखा रखने के आरोप लगाए हैं। इसके बाद अधमरी हालत में घर के बाहर फेंक दिया। दो दिन पहले पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजस्थान के भिवाड़ी के सैदपुर गांव निवासी 21 वर्षीय मोनू का फरीदाबाद के तिगांव क्षेत्र की एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था। लड़की नाबालिग है और उसके मामा सैदपुर गांव के ही रहने वाले हैं। यहीं दोनों की मुलाकात हुई। इसी साल अप्रैल में तिगांव थाने में मोनू के खिलाफ नाबालिग लड़की को भगाने का केस दर्ज हुआ। हालांकि बाद में लड़की बरामद हो गई थी। उसके बाद से ही मोनू के खिलाफ पुलिस की जांच चल रही थी। चाचा नरेन्द्र ने बताया कि 17 मई को मोनू घर से तिगांव थाने जाने की कहकर निकला था, लेकिन रास्ते में उसका अपहरण हो गया और 20 मई को अधमरी हालत में वह मिला।

अनचाहे पार्सल में पानी की बोतल रख हो रही ठगी, एक आरोपी पकड़ा

पिहोवा। फर्जी पार्सल के जरिये ठगी करने के गिरोह का खुलासा हुआ है। मॉडल टाउन निवासी सलिंद्र सिंह ने बताया कि 13 मई को उनके बड़े भाई की अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 91 पर एक डिलीवरी बॉय पहुंचा और सलिंद्र सिंह के नाम का पार्सल होने की बात कही। दुकान पर मौजूद उनके दोस्त और मुनीम ने यह सोचकर कि शायद विदेश में रहने वाले उनके बेटों ने कोई सामान भेजा होगा, 567 रुपये ऑनलाइन भुगतान कर पार्सल ले लिया। जब पार्सल को खोलकर देखा तो उसमें केवल एक बड़ी और एक छोटी पानी की बोतल निकली। कुछ दिनों के बाद सलिंद्र सिंह के दोस्त अरुण कुमार मेहता की पत्नी ज्योति मेहता के मोबाइल पर भी इसी तरह पार्सल आने का मैसेज आया। 21 मई को डिलीवरी बॉय का फोन भी आया। तब अरुण ने सलिंद्र सिंह से इस बात का जिक्र किया। उन्होंने ठगी का अहसास होता देख डिलीवरी बॉय को अनाज मंडी में बुलाया। जैसे ही डिलीवरी बॉय वहां पहुंचा तो उन्होंने उसे पकड़ लिया और पिहोवा शहरी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के सामने जब पार्सल खोला गया तो उसमें भी पानी की बोतल ही निकली। पूछताछ में डिलीवरी बॉय ने अपना नाम विकास बताया और कहा कि वह केवल कंपनी में डिलीवरी का काम करता है। उसे और कोई जानकारी नहीं।

सरकारी स्कूल में अध्यापक पर छात्राओं से अश्लील हरकत का आरोप, केस दर्ज

जींद। सदर थाना इलाके के एक गांव के सरकारी स्कूल में अध्यापक द्वारा छात्राओं के साथ अश£ील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकारी स्कूल में ड्राइंग अध्यापक संजय छात्राओं को गलत तरीके से छूता है और उनके साथ अश£ील हरकत करता है। आरोपित ने उसकी दो बेटियों के साथ कई दिन तक अश्लील हरकत की, जिनकी उम्र साढ़े 12 से 15 वर्ष के बीच है। गत दिवस भी आरोपित ने उसकी बेटी के साथ अश£ील हरकत की, जिसकी शिकायत लड़की ने परिजनों को की।

घर से गली-सड़ी हालत में मिले दो बहनों के शव

■ एक बहन मानसिक दिव्यांग, दूसरी करती थी देखभाल, समाज से कटकर रहती थी, घर से दुर्गंध आने पर हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के महेश नगर के प्रीत नगर में दो सगी बहनों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोनों बहनों के शव उनके घर के अंदर गली-सड़ी हालत में मिले। करीब 15 से 20 दिनों तक घर बंद रहने और कोई हलचल न होने के बाद पड़ोसियों को शक हुआ। जब घर से तेज दुर्गंध आने लगी तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर घर के अंदर से बेहद खराब हालत में शव बरामद किए। पुलिस के मुताबिक दोनों महिलाओं की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच थी। एक बहन का शव बेड पर पड़ा मिला, जबकि दूसरी बहन का शव फर्श पर मिला। दोनों शव बुरी तरह गल चुके थे, जिससे माना जा रहा है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। पड़ोसियों के अनुसार, दोनों बहनें माता-पिता की मौत के बाद लंबे समय से इसी घर में अकेली रह रही थीं।

लोगों ने बताया कि मृतकों में से एक बहन मानसिक रूप से परेशान थी और चलने-फिरने में भी दिक्कत रहती थी। दूसरी बहन बाहर काम करती थी और उसी की देखभाल करती थी। पड़ोसी और रिटायर्ड प्रिंसिपल ने बताया कि दोनों बहनें समाज से लगभग कटी हुई थीं। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।



60 दिन में नौकरी खोजें वरना अमेरिका छोड़ें, एच-1बी वीजा धारकों को अल्टीमेटम

■ अमेरिका में नौकरी जाने के बाद 60 दिनों का 'ग्रेस पीरियड' मिलता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनियों मेटा, अमेजन और ओरेकल में हाल ही में बड़े पैमाने पर हुई छंटनी ने हजारों भारतीय टेक पेशेवरों को मुश्किल में डाल दिया है। नौकरी जाने के बाद अब एच-1बी वीजा धारक भारतीयों के सामने केवल 60 दिनों का समय बचा है। इसी दौरान उन्हें नई नौकरी खोजनी होगी वरना उन्हें अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है। दरअसल, अमेरिकी इमिग्रेशन नियमों के अनुसार, एच-1बी वीजा पर काम कर रहे किसी विदेशी कर्मचारी की नौकरी जाने के बाद उसे 60 दिनों का "ग्रेस पीरियड" मिलता है। इस दौरान अगर उसे कोई नया नियोक्ता नहीं मिलता जो उसके वीजा को स्पॉन्सर करे, तो उसे अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

अब यूएस में ग्रीन कार्ड के लिए पहले अपने देश जाओ, फिर आवेदन करो

वॉशिंगटन। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में रह रहे प्रवासियों को स्थायी निवास या ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए अपने गृह देश लौटकर आवेदन करना होगा। यूएससीआईएस के प्रवक्ता जैक काहलर ने कहा कि अब से असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, अमेरिका में अस्थायी रूप से रह रहे और ग्रीन कार्ड हासिल करने के इच्छुक किसी भी विदेशी को आवेदन करने के लिए अपने गृह देश लौटना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका आव्रजन प्रणाली में विदेशियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कानून के मूल उद्देश्य पर लौट रहा है। काहलर ने कहा, "यह नीति हमारी आव्रजन प्रणाली को कानून के उद्देश्य के अनुसार कार्य करने की अनुमति देती है, न कि खामियों को बढ़ावा देती है। जब विदेशी अपने गृह देश से आवेदन करते हैं, तो इससे उन लोगों को ढूंढने और निकालने की आवश्यकता कम हो जाती है जो निवास की अनुमति न मिलने के बाद छिपकर अमेरिका में अवैध रूप से रहने का फैसला करते हैं।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF **Ms. Ravleen Kaur Civil Judge (Junior Division), Rohtak**
Punjab National Bank through its branch Manager
Vs.
Rajbir S/o Surajbhan
CNR No. HRRH02-000916-2022
Next Date:- 04-08-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
Rajbir S/o Surajbhan
R/o HNO. 12A, HUDA Staff Colony, Sector-1, Rohtak and office address at shop no. 84, Sector 2-3 Part Market, Rohtak

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **04-08-2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak**

Sd/-
L/Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 20-05-2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF Sh. Azad Singh Civil Judge (Junior Division), Sonipat
Braham Parkash
Vs.
Gopi Ram
CNR No. HRSO02-001250-2019
Next Date:- 23-07-2026

A decree mention in the plaint may kindly be passed in favour of the plaintiff against the defendant in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
4. PREMO D/O CHHATTAR SINGH AND WIFE OF SATYAWAN R/O Village Malikpur Tehsil and District Sonepat

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **23-07-2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Sonipat**

Sd/-
Civil Judge (Junior Division) Sonipat
Dated, this day of 21-05-2026

बैंकों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

मुंबई। प्रमुख बैंकों के शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की दिशा में प्रगति की उम्मीदों से निवेश धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 231.99 अंक बढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में एक समय 627.61 अंक तक की तेजी दर्ज की गई थी। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 64.60 अंक बढ़कर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट लिमिटेड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे।

विदेशी मुद्रा भंडार में आठ अरब डॉलर की गिरावट

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद रुपये पर दबाव बढ़ने और विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई द्वारा डॉलर की बिक्री के जरिए हस्तक्षेप किए जाने से मुद्रा भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट दर्ज की गई।

वेदांता की तलवंडी साबो पावर पर 127 करोड़ रुपए का जुर्माना

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड को उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को करीब 127 करोड़ रुपये तथा उस पर लागू विलंब भुगतान अधिभार चुकाने का निर्देश दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने अपीलीय विद्युत अधिकरण (एप्टेल) के फैसले को निरस्त कर दिया और पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग (पीएसईआरसी) के आदेश को बहाल कर दिया है।

सोना 600 रुपये फिसला चांदी स्थिर

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अमेरिका-ईरान बातचीत में शुरुआती प्रगति के कारण कीमती धातुओं की खरीद कम हुई है। स्थानीय बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये गिरकर 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। हालांकि, सराफा बाजार में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

वृष आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

मिथुन आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

सिंह मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

तुला आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

वृश्चिक धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

मीन नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

कार्यालय मुख्यशिक्षक राजकीय प्राथमिक पाठशाला चोरटापुर (10561)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय चोरटापुर (10561) खंड बवानीखेड़ा जिला भिवानी में दो कक्षा कक्षों की बोली बरामदे सहित की जानी प्रस्तावित है। उपरोक्त बोली 110992/- [एक लाख दस हजार नौ सो बानवे] रूपये से शुरु होगी। अतः जो कोई भी सज्जन बोली में भाग लेने इच्छुक हो तो वह दिनांक 28-05-2026 को सुबह 11:00 बजे स्कूल में आकर बोली दे सकता है।

बोलीदाता के लिए नियम शर्तें :-

1. बोली दाता को बोली से पूर्व 30 हजार रूपये की धरोहर राशि नकद या विद्यालय मुखिया के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवानी होगी।
2. बोली प्राप्त करने वाले को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि मौके पर ही नीलामी के तुरंत बाद जमा करवानी होगी।
3. बाकि 75 प्रतिशत राशि 72 घंटे के अंदर जमा करवानी होगी।
4. नीलामी के उपरांत 50 दिन में सारा मलबा उठाना होगा तथा प्रांगण समतल करके देना होगा अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. अन्य नियम व शर्तें बोली वाले दिन मौके पर बता दी जाएँगी।

मुख्यशिक्षक रा०प्रा०वि० चोरटापुर (10561)
ब्लाक बवानी खेड़ा व जिला भिवानी
संपर्क सूत्रः-
श्रीमती पिंकी देवी मुख्यशिक्षक - 9467929596
श्री विक्रम SMC प्रधान 9728393392
पीआरडीएच-1032/11/265/2027/45490/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका नांगल चौधरी	वार्ड नं. 5 नांगल चौधरी में नोलायजा गांव में हॉल और शौचालय + 7 कार्य।	बंद होने की तिथि 28.05.2026	रू. 1,02,59,606/-	https://etenders.hry.nic.in	9812892869 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद-13/2027/40/45522/I/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका कलानौर	एमसी कलानौर में एसबीएम-यू 2.0. के तहत नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पांच सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण + 1 कार्य।	21.05.2026 01.06.2026	रू. 75.58 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9802401200 municipalcommit teekalanaur@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद-13/2027/40/45516/I/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	एमसी सोनीपत के तहत ड्रेन नं. 6 सिटी पोर्शन की गाद निकालने हेतु आकलन + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 28.05.2026	रू. 72.64 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7042144566 ee2mcs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद-13/2027/40/45511/I/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद बहादुरगढ़	वार्ड नं. 03, नगर परिषद बहादुरगढ़ में स्थित बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 26.05.202	रू. 61,67,75,733/	https://etenders.hry.nic.in	9416188946 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद-13/2027/40/45519/I/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि पानीपत सह. चीनी मिल्स लि., पानीपत	ऑफ सीजन 2026 और पेराई सीजन 2026-27 हेतु 28 एमडब्ल्यू को-जेन. प्लांट के साथ-साथ 5000 टीसीडी चीनी मिल के प्रचालन और रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाने बारे + 34 कार्य।	21.05.2026 29.05.2026	रु. 1097.50 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416281313 panipatsug armills@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद-13/2027/40/45484/I/88/6 दि. 22.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	वित्तीय वर्ष 2026-27 में 132 केवी सब स्टेशन कलानौर में नए स्थान पर मौजूदा 4 अदद 132 केवी लाइन बेज की शिफ्टिंग और 132 केवी डबल बस का विस्तार।	21.05.2026 11.06.2026	रू. 77,57,324/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
2	एचवीपीएनएल	132 केवी सब स्टेशन कलानौर और 132 केवी सब स्टेशन बहादुरगढ़ (ओल्ड) में बेज में ग्रेवल की आपूर्ति और फैलाना।	21.05.2026 11.06.2026	रू. 29,31,200/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
3	एचवीपीएनएल	एक्सईएन/टीएस डिवीजन एचवीपीएनएल रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु (01.07.2026 से 31.03.2027) 220 केवी और 132 केवी सब स्टेशन सांपला में सड़कों, पथों की सफाई और सुरक्षा प्रबंधन समेत वृक्ष संवर्धन/बागवानी के सामान्य रखरखाव की आउटसोर्सिंग गतिविधि का प्रावधान।	21.05.2026 02.06.2026	रू. 9,10,373/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद-13/2027/60/45515/I/88/6 दि. 22.05.26

संख्याः Q-15014/01/2023-CPA
भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
द्वितीय तल, पृथ्वी विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन,
जोर बाग रोड, नई दिल्ली

विषयः राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग में दो (02) पूर्णकालिक (तकनीकी) सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, दिल्ली में दो (02) पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) के पदों पर चयन एवं नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) एक वैधानिक निकाय है, जिसकी स्थापना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का 29) के अंतर्गत की गई है। उक्त सदस्य पूर्णकालिक पदाधिकारी होगा।

3. विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट https://moef.gov.in तथा CAQM की वेबसाइट https://caqm.nic.in पर उपलब्ध है।

निदेशक (सीपी)
दूरभाष : 011-20819195
ई-मेल : v.pazhaniyandi@nic.in

CSC 13101/11/0003/2627

कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-273990 E-mail:-cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./491/ई-निविदा/न.पं./2026-27 **षष्ठम ई-निविदा सूचना** मल्हार, दिनांक 21/05/2026

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-जी (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का विवरण	ई-निविदा प्रारंभ की तिथि	ई-निविदा की अंतिम तिथि	निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि	ई-निविदा खोलने की तिथि
1	191433	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-G) (Lumpsum Rate) (6TH call)	21.05.2026 17.30 बजे से	02.06.2026 17.30 बजे	04.06.2026 16.00 बजे	04.06.2026 17.00 बजे

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबंन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in/www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नहीं करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचें ::-

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में पर्यावरणीय विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 49/2024)

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

क्र.सं.	पद व विभाग का नाम	विज्ञा. सं.	परीक्षा की तिथि व समय
1.	उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में पर्यावरणीय विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर)	49/2024	06.06.2026 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **https://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 01.06.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

टिप्पणियां :-

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 21.05.2026
हस्ता/- उप सचिव
संवाद-1156/13/382/2027/45481/88/6 दि. 22.05.26
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक | INDIA POST PAYMENTS BANK

(भारत सरकार का उपक्रम / a Govt. of India Undertaking)

मुख्य परिचालन अधिकारी (मु०परि०अधि०) की भर्ती

आई०पी०पी०बी०, मुख्य परिचालन अधिकारी (मु०परि०अधि०) के पद के लिए योग्य, ऊर्जावान और गतिशील उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जैसा कि नीचे दिए गए विज्ञापन में विस्तृत किया गया है।

संक्षिप्त विवरण :

पद की प्रकृति	:	संविदात्मक
श्रेणी	:	अनारक्षित
कार्यकाल	:	प्रारंभ में तीन वर्ष के लिए होगा तथा बैंक द्वारा इसे दो वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।
आयु सीमा	:	आयु 40 वर्ष से कम और 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
शैक्षणिक योग्यता	:	भारत सरकार या उसके नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान या विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित स्नातक या उसके समकक्ष योग्यता
कार्य अनुभव	:	बैंकों या वित्तीय संस्थानों में कम से कम 18 वर्षों का अनुभव। इसमें से, न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव विशेष रूप से किसी बैंक या वित्तीय संस्थान के परिचालन या व्यावसायिक प्रक्रियाओं को संभालने में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, पिछले पाँच वर्षों के भीतर, उम्मीदवार ने किसी सार्वजनिक क्षेत्र या निजी क्षेत्र के बैंक/वित्तीय संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी से अधिकतम दो स्तर नीचे के पद पर कम से कम दो वर्ष तक कार्य किया हो।

महत्वपूर्ण तिथियां :

(i)	ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि	01.05.2026; प्रातः 10:00 बजे से
(ii)	शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	31.05.2026; रात 11:59 बजे तक

विस्तृत विज्ञापन हेतु, कृपया बैंक की आधिकारिक वेबसाइट https://ippbonline.bank.in/web/ippb/current-openings पर जाएं।

स्थान : नई दिल्ली
ह./-
CBC-06346/12/0002/2627
उप-महाप्रबंधक (मा०सं०)

शब्द पहेली - 6234



बाएँ से दाएँ
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.ग्रह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली- 6233 का हल

ह	ल	च	ल		टा		द	वा	खा	ना
	क्ष्य		व		ल	क	वा		र	ज
ज			कु	सु	म		त			नी
ब	द	मा	श		टो	ना		सौ	त	ब
र		हि		फा	ल		प्रा		ब	
न	ग	र	वा	सी		ग	ण	ना	य	क
	र		द		मा	ली		पा		ल
अ	ल	ग		म	न		वौ	की	दा	र
प			चि		सि	स	की			व
रा	ज		क	न	क		दा		मे	
ध	इ	क	न		ता		री	मा	ला	गू

अब पाकिस्तान में 'कॉकरोच अवामी पार्टी'

कई अलग-अलग वर्जन बने, ज्यादा मीम कल्चर व ऑनलाइन व्यंग्य तक सीमित

एजेंसी ▶▶| कराची/नई दिल्ली

भारत में वायरल हुई 'कॉकरोच जनता पार्टी' अब पाकिस्तान तक पहुंच गई है। भारतीय सोशल मीडिया मूवमेंट से प्रेरित होकर वहां 'कॉकरोच अवामी पार्टी' और 'कॉकरोच अवामी लीग' जैसे पेज सामने आए हैं। ये अकाउंट खुद को जेन-जी युवाओं की आवाज बताते हुए पाकिस्तान की पारंपरिक राजनीति और सिस्टम पर व्यंग्य कर रहे हैं। भारत में इसकी लोकप्रियता बढ़ने के बाद पाकिस्तान में भी इसी तरह के अकाउंट सामने आने लगे। 'कॉकरोच अवामी लीग' नाम के एक इंस्टाग्राम पेज ने खुले तौर पर माना कि वह भारतीय आंदोलन से प्रेरित है। उसके बायो में लिखा गया, हां कॉपी किया है लेकिन किसे फ़र्क पड़ता है, बात वही है।

- इंस्टाग्राम पेज पर भारतीय आंदोलन से प्रेरित माना
- लिखा हॉ कॉपी किया किसे फर्क पड़ता है

पाकिस्तानी वर्जन का क्या इरादा है?

पाकिस्तानी कॉकरोच पेज खुद को वहां की जेन-जी पीढ़ी की आवाज बता रहे हैं। इनका दावा है कि वे पाकिस्तान की पारंपरिक राजनीति के विकल्प के तौर पर सामने आना चाहते हैं। कई पोस्ट्स में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) जैसी मुख्यधारा की पार्टियों पर तंज कसा गया है। एक एक्स अकाउंट **@CockroachAP** ने उर्दू में लिखा, जिन्हें सिस्टम ने कॉकरोच समझा, हम उन्हीं अवाम की आवाज हैं। वहीं **Cockroach Awami League Pakistan** नाम का दूसरा पेज हर हालात में जिंदा हैं जैसे स्लोगन के साथ खुद को युवाओं का प्रतीक बता रहा है। भारत की कॉकरोच जनता पार्टी के पास संस्थापक, वेबसाइट और एक तरह का घोषणापत्र मौजूद है, लेकिन पाक में कई अलग-अलग वर्जन बन गए हैं। वहां ज्यादा मीम कल्चर व ऑनलाइन व्यंग्य तक सीमित दिख रहा है।

भारत में 'कॉकरोच जनता पार्टी' यानी सीजेपी की शुरुआत पिछले हफ्ते हुई। इसका आधार उस विवादित टिप्पणी से जुड़ा है, जिसमें भारत के सीजेआई सूर्यकांत ने कथित तौर पर बेरोजगार एक्टिविस्ट युवाओं की तुलना 'कॉकरोच' और 'पैरासाइट' से की थी। हालांकि बाद में सफाई दी गई, लेकिन सोशल मीडिया में बयान पर बहस छिड़ गई। यूएस में रहने वाले भारतीय मूल के पीआर ग्रेजुएट व आप के पूर्व सहयोगी अभिजीत दिपके ने 16 मई को सोशल मीडिया पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' कैंपेन लॉन्च कर दी। उन्होंने खुद को मजाकिया अंदाज में 'कॉकरोच' बताते हुए इस आंदोलन को बेरोजगार और सिस्टम से नाराज युवाओं की आवाज कहा।

आप का 'सीक्रेट प्रोजेक्ट' है कॉकरोच जनता पार्टी

- पूर्व नौकरशाह आशीष जोशी ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। कॉकरोच पार्टी विवादों में घिर गई है। अभियान को शुरु करने वाले अभिजित और आम आदमी पार्टी के कनेक्शन को लेकर बवाल मचा हुआ है। पूर्व नौकरशाह आशीष जोशी और अन्य कई लोगों ने कॉकरोच पार्टी की राजनीतिक स्वतंत्रता पर सवाल उठाए हैं। कॉकरोच जनता पार्टी डिजिटल अभियान है, जिसे बॉस्टॉन में रह रहे अभिजित दीपके ने शुरू किया है। दीपके पहले केजरीवाल की पार्टी की सोशल मीडिया और चुनावी कैंपन टीम का हिस्सा रह चुके हैं। पार्टी के राजनीतिक स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठने लगे हैं, सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह वास्तव में स्वतंत्र पार्टी है या ये आदमी पार्टी का एक प्रयोग है। लोग के मन में सवाल हैं कि क्या पर्दे के पीछे से आप की ओर से कॉकरोच जनता पार्टी को कंट्रोल किया जा रहा है?

मारने की मिल रही धमकी

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को जान से मारने की धमकियां मिल रही है। दीपके ने सोशल मीडिया पर दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके परिवार को धमकी दी जा रही है। अभिजीत ने एक्स पर वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें एक युवक कथित तौर पर धमकी दे रहा है। वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "क्या अधिकारी इन धमकियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे?' अभिजीत दीपके पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

शिक्षामंत्री प्रधान इस्तीफा दें : अभिजीत

पानीपत में कॉकरोच जनता पार्टी के पंजीकरण के लिए निर्वाचन आयोग को आवेदन

पानीपत। पानीपत की कचहरी में प्रेक्टिस करने वाले अभिवक्ता यानि एडवोकेट सुधीर जाखड़ ने कॉकरोच जनता पार्टी के आधिकारिक पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सचिव को आवेदन पत्र भेजा गया है। यह आवेदन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत दिया गया है। वहीं, राष्ट्रीय संयोजक सुधीर जाखड़ ने जानकारी दी।

पत्र दिखाते सुधीर जाखड़।

उप्र पुलिस ने समझाकर उतारा

शादी का वादा करके मुंबई भागा प्रेमी प्रेमिका ने टावर पर चढ़ काटा बवाल

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हथियागढ़ बाजार में शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे हड़कंप मच गया। रायपुर थाना छपिया की रेशमा (23) नामक युवती अपने प्रेमी के धोखे से परेशान होकर नंगे पांव मोबाइल टावर पर चढ़ गई है। युवती लगभग 20 फीट ऊपर बैठकर हंगामा करने लगी। सुबह निकले लोगों ने उसे देखा और तुरंत अन्य लोगों को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह टावर पर बैठी रही। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिसकर्मियों ने लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समझाकर नीचे उतारा।

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा

ये है मामला

रेशमा की एक ही मांग थी कि उसके प्रेमी अमित (पुत्र लाला, निवासी गोदहना, थाना सादुल्लाह नगर, जिला बलरामपुर) को पुलिस पकड़कर लाए और उससे उसकी शादी करवाए। रेशमा ने बताया कि तीन साल पहले अमित और उसके परिजनों के बीच यह समझौता हुआ था कि 1 मई 2026 को तीन साल पूरे होने के बाद वे शादी करेंगे। इस समझौते के बाद अमित मुंबई चला गया। अब समझौते का समय पूरा होने के बावजूद वह रेशमा से शादी करने नहीं आ रहा है और न ही उसका फोन उठा रहा है। रेशमा ने इस संबंध में छपिया थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

बंगाल में ईडी का 9 जगह छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर नए छापे मारे। ये छापे कोलकाता पुलिस के गिरफ्तार अधिकारी शांतनु सिन्हा बिस्वास और कथित अपराधी बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत मारे गए। उन्होंने बताया कि कोलकाता और मुर्शिदाबाद में कुल नौ जगहों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन जगहों में मोहम्मद अली उर्फ मैक्स राजू, बिस्वास के भतीजे सौरव अधिकारी, बिस्वास के एक करीबी सहयोगी और कोलकाता पुलिस में सब-इंस्पेक्टर रुहिल अमीन अली और मुर्शिदाबाद में बिस्वास के घर शामिल हैं।

- पूर्व डीसीपी के घर ताला तोड़कर घुसी टीम
- मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच बड़ी कार्रवाई

10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का शेड्यूल जारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 18 जून को राज्यसभा की 24 सीटों के लिए चुनावों की घोषणा की। राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 10 राज्यों में होंगे, जहां मौजूदा सदस्य 21 जून से 19 जुलाई के बीच अलग-अलग तारीखों पर रिटायर हो रहे हैं। राज्यसभा चुनाव आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार-चार सीटों पर; मध्य प्रदेश और राजस्थान में तीन-तीन सीटों पर; झारखंड में दो सीटों पर; और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में एक-एक सीट पर होंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 8 जून है।

- नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 8 जून

वैश्विक शांति और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गौरवपूर्ण क्षण

हरिद्वार। योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा के पथ-प्रदर्शक आचार्य बालकृष्ण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर आज एक और प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया। मुंबई में आयोजित वैश्विक "बिलियनेयर्स फॉर पीस कॉन्क्लेव 2026" में "मैं शांतिदूत हूँ - चैंपियन हेल्थ अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व शांति, मानवता, स्वास्थ्य सेवा और वैश्विक कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।आचार्य बालकृष्ण को यह सम्मान ऐसे समय में प्राप्त हुआ है जब आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिल रही है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि एक स्वस्थ मानव ही शांतिपूर्ण समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानवता को संतुलित, निरोग और सकारात्मक जीवन की दिशा प्रदान करने वाला विज्ञान है। भारत सदैव "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना का प्रतिनिधित्व करता आया है और आज पूरी दुनिया शांति, सहअस्तित्व और समग्र स्वास्थ्य के लिए भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रही है। आज विश्व जिस मानसिक तनाव, असंतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है, उसका समाधान प्रकृति और भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित है।

युवाओं को आज मिलेगी बड़ी सौगात

पीएम मोदी रोजगार मेले में 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी 23 मई 2026 को देशभर के युवाओं को बड़ी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री शनिवार सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाले 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे और नए चयनित युवाओं से संवाद करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री की प्रमुख प्रतिबद्धताओं में शामिल है और रोजगार मेला उसी सोच को आगे बढ़ाने का माध्यम बन चुका है।

कई मंत्रालयों में मिलेगी नियुक्ति

रोजगार मेले के तहत चयनित उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत कई सरकारी विभागों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और संगठनों में भी युवाओं को नियुक्ति दी जाएगी।

पंजाबः भाखड़ा नहर में 32 फीट की गहराई से निकला 26 साल पुराना राज, ड्रेस से खुलासा

कीरतपुर साहिब। पंजाब की भाखड़ा नहर में करीब 26 साल पहले गिरी एक मारुति ओमनी वैन को अब बरामद किया गया है। वर्ष 2000 में कीरतपुर साहिब क्षेत्र के गांव कोटला के चार लोगों को लेकर ये वैन नहर में समा गई थी। हादसे के बाद लंबे समय तक तलाश चली लेकिन न शव मिले थे और न वाहन। अब 32 फीट की गहराई से भाखड़ा ने ये राज उगला है। गांव कोटला में सभी ने उम्मीद छोड़ दी थी कि आज से 26 साल पहले 20 अक्टूबर 2000 को नहर में गिरे लोगों का कभी पता भी चलेगा। इस वैन में कोटला में मिठाई की दुकान करने वाले मुनी लाल (36), तेजराम (37) वैन के ड्राईवर, किसान सुरजीत सिंह और उसका आठ साल का बेटा कालू सवार थे।

पेपर लीक रोकने एनटीए ने कसी कमर, 30 दिन चुनौती भरे, सोशल मीडिया पर भी रखेंगे नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में एजेंसी जीरो ट्रस्ट नीति के तहत काम कर रही है। एजेंसी अब किसी भी स्तर पर सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। पेपर लीक के बाद एनटीए अब कड़ी निगरानी, नियमित ऑडिट और सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग कर रहा है।

गड़बड़ बन सकती है बड़ी मुसीबत

30 दिन के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करना एक बड़ी चुनौती है। अगर समय की कमी से कोई भी छोटी सी गड़बड़ हुई, तो यह एक बड़ी मुसीबत बन सकती है। परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों के बाद छात्रों और अभिभावकों में भारी गुस्सा देखा गया था। इसके बाद ही दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया। एजेंसी की जिम्मेदारी सिर्फ परीक्षा कराना ही नहीं है, बल्कि पूरी प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखना भी है। एनटीए का मानना है कि वे छात्रों को बार-बार निराश नहीं कर सकते।



चिंतन

जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता जरूरी

देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। उत्तर भारत से लेकर पूर्वी राज्यों तक सूरज आग उगल रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि दुनिया के सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 22 शहर शामिल हो गए हैं और कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि बदलते पर्यावरण और अव्यवस्थित विकास की गंभीर चेतावनी है। आने वाले तीन दिन तक राहत की उम्मीद नहीं है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हमारे शहर रेगिस्तानी देशों से भी ज्यादा गर्म हो गए रहे हैं। इस मौसम में तापमान का बढ़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, लेकिन यह जिस गति से बढ़ रहा है और जिस तरह से प्रभावित कर रहा है, वह परेशान करने वाला है। पहले भीषण गर्मी यानी मौसम में लू की आवर्ति दो बार ही होती थी, अब चार बार हो रही है। इस बार मानसून भी कमजोर रहने के संकेत हैं। प्रशांत महासागर के ऊपर बन रहा अलनीनो इसके लिए जिम्मेदार है। इस बार तो यहां तक भी घोषणा की जा रही है कि 1888 जैसा भयंकर सूखा पड़ सकता है। हालांकि उस समय की तुलना में आज हम बेहतर रूप से तैयार हैं। हमारे पास खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं। इसलिए ऐसी स्थिति तो नहीं है कि लोगों को जान गंवानी पड़े, लेकिन देश का औद्योगिक विकास और उत्पादन ठप हो सकता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अब केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी तपने लगी हैं। 35 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर रहना इस बात का संकेत है कि धरती की प्राकृतिक संतुलन व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही है। जब रात में भी शरीर और वातावरण को ठंडक नहीं मिलती, तब हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बुजुर्गों, बच्चों और मजदूर वर्ग पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने कुछ राहत भरे कदम उठाए हैं। बिहार में छोटे बच्चों के स्कूल बंद किए गए हैं और पंजाब ने स्कूलों व सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। दरअसल, भीषण गर्मी का सबसे बड़ा कारण लगातार घटते जंगल, कंक्रीट के बढ़ते शहर, जलस्रोतों का अतिक्रमण और प्रदूषण हैं। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति के साथ संतुलन खो दिया है। शहरों में पेड़ों की जगह सीमेंट ने ले ली और तालाबों की जगह इमारतों ने। नतीजा यह है कि धरती की सतह अधिक गर्मी सोख रही है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के साथ-साथ पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। पीने, नहाने और घरेलू उपयोग में पानी की मांग बढ़ती है, जबकि भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में पानी बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। घरों में वर्षा जल संचयन, पानी का सीमित उपयोग और रिसाव रोकने जैसे छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन कई अन्य कारकों को भी जन्म दे रहा है। गर्मी व कम बारिश के बाद भी भीषण सर्दी और अतिवृष्टि भी इसकी जिम्मेदार है। जैसे-जैसे यह संकट बढ़ेगा, वैसे-वैसे हालात खराब होंगे। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होकर काम किया जाए। सरकारों को भी समय रहते चेत जाना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से मानव के मस्तिष्क का सवाल है। व्यक्ति को कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन का कारक हो और उन पर जोर देना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। यदि अभी भी चेतने में देर हुई, तो आने वाले वर्षों में यह गर्मी केवल असुविधा नहीं, बल्कि बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकती है।

मुद्दा
प्रमोद भार्गव

कम खर्च में होंगे एक साथ चुनाव

एक साथ चुनाव कराने को लेकर संयुक्त संसदीय समिति के निष्कर्ष में सोने पर सुहागा कहावत चरितार्थ होने का तथ्य निकलकर आया है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने दावा किया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से सात लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। इस उपाय से देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस बचे धन का उपयोग बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा,गरीब कल्याण योजनाएं और अन्य सेवाओं में किया जा सकेगा। याद रहे कि 41 सदस्यीय यह समिति एक साथ चुनाव से तमाम पहलुओं के साथ दो प्रस्तावित 129वां संविधान संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयकों के प्रारूप पर काम कर रही है। चौधरी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनाव सुधारों से देश को लाभ होना चाहिए। एक साथ चुनाव की दिशा तय करने के लिए सरकार पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

समिति ने मार्च 2024 में अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट को कैबिनेट ने स्वीकार करते हुए चुनाव से संबंधित संशोधन विधेयक को मंजूरी भी दे दी दे थी। इसके प्रारूप को तैयार करने की जिम्मेदारी संसदीय समिति कर रही है। 2029 में एक देश, एक चुनाव, यानी देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ निकाय व पंचायत चुनाव भी एक साथ कराने की दिशा में केंद्र सरकार एक-एक कदम आगे बढ़ रही है। गृहमंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि 2029 के पहले एक साथ चुनाव का प्रबंध कर दिया जाएगा। साफ है, सरकार अपने इस महत्वाकांक्षी वादे को क्रियान्वित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो इस समय तक जिन राज्य सरकारों का कार्यकाल बचा होगा, वह लोकसभा चुनाव तक ही पूरा मान लिया जाएगा। वैसे भी आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ होते रहे हैं, लेकिन 1968 और 1969 में समय के पहले ही कुछ राज्य सरकारें भंग कर दिए जाने से यह परंपरा टूट गई। अब इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान में करीब 18 संशोधन करने होंगे। इनमें से कुछ बदलावों के लिए राज्यों की भी अनुमति जरूरी होगी। यदि स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव भी साथ साथ होते हैं तो फिर मतदाता सूची तैयार निर्वाचन आयोग कराएगा। इस हेतु अनुच्छेद 325 में परिवर्तन करना होगा। साथ ही अनुच्छेद 324-ए में संशोधन करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करा लिए जाएंगे। इस संशोधन विधेयक को आधे राज्यों से भी पास करना जरूरी होगा।

> एक साथ चुनाव कराने को लेकर संयुक्त संसदीय समिति के निष्कर्ष में सोने पर सुहागा कहावत चरितार्थ होने का तथ्य निकलकर आया है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने दावा किया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से सात लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। इस उपाय से देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस बचे धन का उपयोग बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा,गरीब कल्याण योजनाएं और अन्य सेवाओं में किया जा सकेगा। याद रहे कि 41 सदस्यीय यह समिति एक साथ चुनाव से तमाम पहलुओं के साथ दो प्रस्तावित 129वां संविधान संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयकों के प्रारूप पर काम कर रही है।

इसी अनुरूप केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अलग से संविधान संशोधन की आवश्यकता पड़ रही है। हालांकि 2029 तक इस कानून का लागू होना फिलहाल असंभव लग रहा है। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव

प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा।

विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं है। यदि संसद के अन्य विपक्षी दल, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में निर्णय लें तो यह विधेयक आसानी से दोनों सदनों से पारित हो जाएगा। अनेक असमानताओं, विसंगतियों और विरोधाभासों के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सूत्र से बंधा है। निर्वाचन प्रक्रिया राष्ट्र को एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था देती है, जिससे भिन्न स्वभाव वाली राजनीतिक शक्तियों को केंद्रीय व प्रांतीय सत्ताओं में भागीदारी का अवसर मिलता है। नतीजतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया गतिशील रहती है, जो देश की अखंडता व संप्रभुता के प्रति जवाबदेह है। देश में मानव संसाधन सबसे बड़ी पूंजी है। गोया, यदि बार-बार चुनाव की स्थितियां बनती हैं तो मनुष्य का ध्यान बंटता है और समय व पूंजी का क्षरण होता है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रशासनिक शिथिलता दो-ढाई महीने तक बनी रहती है, फलतः विकास कार्य और जन-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव के चलते सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को बार-बार चुनाव ड्यूटी के मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलेगी। एक साथ चुनाव के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि देश प्रत्येक छह माह बाद चुनावी मोड में आ जाता है, लिहाजा सरकारों को नीतिगत फैसले लेने में तो अड़चनें आती ही हैं, दूसरे नीतियों को कानूनी रूप देने में अतिरिक्त विलंब भी होता है। यह तर्क अपनी जगह जायज है।

वैसे भी राजनीतिक दलों की महत्ता तभी है, जब वे नीतिगत फैसलों को अधिकतम लोकतांत्रिक बनाने के लिए अपने सुझाव दें व उन्हें विधेयक के प्रारूप का हिस्सा बनाने के लिए नैतिक दबाव बनाएं। केंद्रीय विधि आयोग ने 2018 में केंद्र सरकार को प्रस्ताव दिया था कि पांच साल के भीतर यदि सरकार के भंग होने की स्थिति बने तो 'रचनात्मक अविश्वास' मत हासिल किया जाए। मसलन, किसी सरकार को लोकसभा या विधानसभा के सदस्य अविश्वास मत से गिरा सकते हैं, तो इसके विकल्प में जिस दल या गठबंधन पर विश्वास हो या जिसे विश्वास मत हासिल हो जाए, उसे बतौर नई सरकार की शपथ दिला दी जाए।' बार-बार चुनाव की स्थितियां निर्मित होने के कारण सत्ताधारी राजनीतिक दल को भी यह भय बना रहता है कि उससे कहीं कोई ऐसा नीतिगत फैसला न हो जाए कि दल के समर्थक मतदाता नाराज हो जाएं? लिहाजा सरकारों को लोक-लुभावन फैसले लेने पड़ते हैं। वर्तमान में अमेरिका, जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया, स्वीडन, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और फीलिपिंस ऐसे देश हैं, जहां एक साथ चुनाव बिना किसी बाधा के संपन्न होते हैं। गोया, भारत में भी यदि एक साथ चुनाव की प्रक्रिया आरम्भ होती है तो केंद्र व राज्य सरकारें बिना किसी दबाव के देश व लोक हित में फैसले ले सकेंगी। सरकारों को पूरे पांच साल विकास व सुशासन को सुचारू रूप से लागू करने का अवसर मिलेगा। अतएव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सांसदों को देश हित में आत्म-निर्णय लेने की जरूरत है,क्योंकि इस विधि से धन की भी बड़ी बचत होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

प्रतीक
डॉ. घनश्याम बादल

उभरना राजनीति में 'कॉकरोचों' का !

सियासत में समय-समय पर ऐसे प्रतीक उभरते रहे हैं, जो शब्द मात्र नहीं, जनभावनाओं के विस्फोट का माध्यम बने हैं। कभी आम आदमी का पार्टी का गठन भी इसी तरीके से हुआ था, जैसे हाल के दिनों में विभिन्न आभासी मीडिया मंचों पर चर्चित "कॉकरोच जनता पार्टी" बनी है। अभिजीत दीपके द्वारा गठित कॉकरोच जनता पार्टी ऐसा ही एक राजनीतिक-सामाजिक प्रतीक बनकर सामने आई है। कॉकरोच जनता पार्टी जैसा नाम भले ही व्यंग्यात्मक लगे, किंतु इसके पीछे छिपी बेचैनी, असंतोष और व्यवस्था-विरोधी मनोवृत्ति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह केवल एक डिजिटल मज़ाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी का आक्रोश माना जाना चाहिए जो स्वयं को व्यवस्था द्वारा उपेक्षित, अपमानित और अनसुना महसूस कर रही है। इस पूरी कहानी की शुरुआत उस विवादास्पद टिप्पणी से मानी जा रही है, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना "कॉकरोच" से करने वाला विवादित बयान भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत से जुड़ा बताया गया है। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक 'फ्री वोलस' यानी तुच्छ समझे जाने वाले प्रकरण की सुनवाई के दौरान सामने आई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मौखिक टिप्पणी में कहा गया था कि कुछ बेरोजगार युवा "कॉकरोच की तरह" विभिन्न क्षेत्रों में घुस जाते हैं, जिनमें पत्रकारिता और आरटीआई एक्टिविज़्म का भी उल्लेख किया गया। इस कथन के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे पूरे बेरोजगार वर्ग का अपमान माना। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को "गलत तरीके से पेश" किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय समूची युवा पीढ़ी से नहीं था, बल्कि उन लोगों से था जो "फर्जी और नकली डिग्रियों" के सहारे पेशों में प्रवेश करते हैं। इसी कथित टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक प्रतिरोध के रूप में "कॉकरोच जनता पार्टी" का उदय हुआ।

शुरुआत में इसे केवल एक मीम या इंटरनेट ट्रेंड माना गया, किंतु कुछ ही दिनों में यह डिजिटल आंदोलन का रूप लेने लगा। इतना स्पष्ट है कि युवाओं ने इसे अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। भारतीय राजनीति के संदर्भ में इस घटना को समझें तो आज का युवा पारंपरिक राजनीति से ऊब चुका है। वह लंबी वैचारिक बहसों से अधिक प्रत्यक्ष अनुभवों पर विश्वास करता है। बेरोजगारी, परीक्षा-पत्र लीक, अवसरों की कमी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आर्थिक व सामाजिक तथा व्यक्तिगत असुरक्षा ने उसके भीतर गहरी निराशा व एक बड़ा शून्य पैदा कर दिया है। उसे लगता है कि सत्ता, न्याय व्यवस्था या राजनीतिक दल उसकी पीड़ा को समझने के बजाय उसका उपहास कर रहे हैं, तब व्यंग्य उसका प्रतिरोध का हथियार बन सामने आता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति की उपज है। यह उस पीढ़ी की सोच है जो आज कह रही है कि यदि व्यवस्था हमें "कॉकरोच" समझती है, तो हम उसी शब्द को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल देंगे। पहले राजनीतिक दल ज़मीन से उठते थे, फिर मीडिया तक पहुंचते थे। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहले पहचान बनती है और बाद में वास्तविक राजनीतिक संभावना तैयार होती है। यही कारण है कि "कॉकरोच जनता पार्टी" का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा उत्पन्न हुई और वह वायरल हो गया। हालांकि इस पूरे आंदोलन को लेकर कई प्रश्न भी हैं। क्या यह वास्तविक राजनीतिक संगठन है अथवा केवल डिजिटल असंतोष का बुलबुला मात्र है? क्या इसके पीछे कोई संगठित राजनीतिक रणनीति है? क्या यह किसी दल विशेष के विरोध या समर्थन का अप्रत्यक्ष माध्यम है? इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर अभी उपलब्ध नहीं हैं। याद रहना चाहिए कि लोकतंत्र में व्यंग्य हमेशा जनभावनाओं का संकेतक रहा है। जब जनता सीधे विरोध करने में असहज महसूस करती है, तब हास्य और कटाक्ष उसकी भाषा बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के आंदोलनों का उदय लोकतंत्र के स्वास्थ्य का संकेत भी है और चेतावनी भी। यदि मुख्यधारा की राजनीति युवा वर्ग की पीड़ा को गंभीरता से नहीं लेगी, तो असंतोष व्यंग्य, कटाक्ष और अराजक डिजिटल अभियानों में परिवर्तित होता जाएगा इसकी प्रबल संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सहनशीलता और आत्मसुधार की क्षमता रही है। इसलिए सत्ता, विपक्ष, न्यायपालिका और समाज सभी को इस घटना को केवल हास्य के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान के दस्तावेज की तरह पढ़ना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अहंकार ही अज्ञान है

संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

एक गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है

संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं। अगर अवगुण छोटा सा भी हुआ तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है।

अंतर्मन

आज की पाती

ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है।

- मामचंद गुलिया, बहादुरगढ़

ट्रेंड

छात्रों का भविष्य

जब मोदी जी इटली में मिठाइयां बांटते हुए रील बना रहे थे, तब भारत में पेपर लीक से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे थे। क्योंकि एनईटी पेपर लीक ने लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

ज़हरीली बयानबाज़ी

कांग्रेस की राजनीति अब विचारों से नहीं, बल्कि ज़हरीली बयानबाज़ी से प्रेरित है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध घटिया भाषा का प्रयोग करना, यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने न केवल सत्ता खोई है, बल्कि अपने मूल्य भी खो दिए हैं।

- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

महिला सीमा रक्षक

मिशनवंदेमातरम के तहत, बीएसएफ की पहली महिला सीमा रक्षकों ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और अटूट संकल्प का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियों की आकांक्षाओं से ऊंची कोई चोटी नहीं होती। आप पूरे देश का गौरव हैं।

- नीतीश कुमार, पूर्व सीएम, बिहार

गैरजिम्मेदाराना बयान

एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने संसदीय समिति के समक्ष कहा है कि उन्हें एनईटी परीक्षा में पेपर लीक होने की बात पर विश्वास नहीं है। एक ओर तो एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी है, वहीं एनटीए अध्यक्ष ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

पाक-चीन संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण, जारी होगा स्मारक सिक्का

पाकिस्तान ने चीन के साथ राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 पाकिस्तानी रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के दो साल से भी कम समय में 1951 में पाकिस्तान और चीन ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए। पाकिस्तान पहला मुस्लिम राष्ट्र था जिसने बीजिंग के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि यह स्मारक सिक्का 25 मई से देश भर में स्थित उसके बैंकिंग काउंटरों के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध होगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''पाकिस्तान और चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पाकिस्तान सरकार ने 75 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय लिया है। यह सिक्का 25 मई, 2026 से एसबीपी बैंकिंग के काउंटरों के माध्यम से आम जनता के लिए उपलब्ध होगा।'' पाकिस्तान और चीन को व्यापक रूप से ''सदाबहार सहयोगी'' के रूप में वर्णित किया जाता है, और दोनों देशों के बीच दशकों से रक्षा, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कूटनीतिक मामलों में घनिष्ठ सहयोग है।

ऑफ बीट

सब कुछ कार्बनमुक्त करना असंभव है, लेकिन क्यों

किसी भी सुपरमार्केट में कदम रखते ही आप चारों ओर कार्बन से घिरे होते हैं। यह वह कार्बन नहीं है जिसे जलवायु रिपोर्टों में पीपीएम यानी 'पार्ट्स पर मिलियन' में मापा जाता है, बल्कि यह कार्बन का सबसे ठोस रूप है। शैम्पू की बोतल की पॉलीमर परत, छत की टाइलों के पीछे की इन्सुलेशन, और आपके बैग में प्रयुक्त सिंथेटिक फाइबर... कार्बन ही तो है। ये वस्तुएं जीवश्म ईंधन युग की अनजानी उपज नहीं हैं। ये इसके दूसरे चरण का हिस्सा हैं, जो जलने जितना स्पष्ट नहीं है लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है। वैश्विक नेट-जीरो चर्चा लगभग पूरी तरह ऊर्जा तक ही सीमित रही है। यह दृष्टिकोण आवश्यक है, लेकिन इसके पीछे एक मान्यता है, जिसे शायद ही कभी जांचा जाता है: कि जीवाश्म ईंधन से मिलने वाली केवल वही चीज़ महत्वपूर्ण है जो जलने पर ऊर्जा के रूप में निकलती है। वास्तव में, लगभग 15-20 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन कभी जलाया ही नहीं जाता। यह आधुनिक जीवन की भौतिक संरचना में बदल जाता है: प्लास्टिक, पॉलीमर, उर्वरक, चिपकने वाले पदार्थ, सॉल्वेंट और सिंथेटिक वस्त्र। जब ये उत्पाद जलाए, अपघटित किए या त्यागे जाते हैं, तो उनका कार्बन वातावरण में लौटता है, जो वैश्विक गर्मी में योगदान देता है। यह योगदान वास्तविक है, बढ़ रहा है, और अधिकांश मुख्यधारा के नेट-जीरो लेखांकन में लगभग पूरी तरह अनुपस्थित है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	14	9	5	18
गुजरात	14	9	5	18
हैदराबाद	14	9	5	18
राजस्थान	13	7	6	14
पंजाब	13	6	6	13
कोलकाता	13	6	6	13
चेन्नई	14	6	8	12
दिल्ली	13	6	7	12
मुंबई	13	4	9	8
लखनऊ	13	4	9	8

ऑरेंज कैप

साईं सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

खबर संक्षेप

अंडर-18 महिला हॉकी टीम की कप्तान बनीं स्वीटी

नई दिल्ली। स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से 6 जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं।

मोरक्को में पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर प्रणवी

रबात। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स यहां लाला मेरियम कप के पहले दिन तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर 9 अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ियों की शुरुआत साधारण रही। अवनि प्रशांत और दीक्षा दो ओवर 75 का कार्ड बनाकर संयुक्त 61वें स्थान पर जबकि हिताशी पांच ओवर 78 का कार्ड खेलकर संयुक्त 99वें स्थान पर रही। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी केल्सी बेनेट अपने पहले दौर में पांच अंडर 68 का कार्ड खेलकर दो स्ट्रोक की बढ़त के साथ सबसे आगे चल रही है।

आईपीएल: ईशान, अभिषेक, क्लासन के अर्धशतक, ईशान मलिंगा को 2 विकेट

सनराइजर्स हैदराबाद जीती, हार के बावजूद आरसीबी तालिका में शीर्ष पर

हैदराबाद ने बेंगलुरु को 55 रन से हराया

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने शुकवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में 55 रन से जीत हासिल की लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने से नहीं रोक सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी, ईशान किशन (79 रन) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत चार विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। आरसीबी को शीर्ष दो में रहने के लिए 166 रन का स्कोर बनाना था और 178 रन से ज्यादा रन का स्कोर बनाने से उसका शीर्ष स्थान तय था। कप्तान रजत पाटीदार (56 रन) और कृणाल पंड्या (नाबाद 41) के बीच चौथे विकेट के लिए 58 गेंद में 84 रन की भागीदारी से आरसीबी ने 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बनाकर हारने के बावजूद पहला स्थान सुनिश्चित किया। आरसीबी (प्लस 0.783), गुजरात टाइटन्स (प्लस 0.695) और सनराइजर्स हैदराबाद (प्लस 0.524) के 18-18 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट से क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अब पहले क्वालीफायर में आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में गुजरात टाइटन्स से होगा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 27 मई को एलिमिनेटर में खेलेगी। आरसीबी ने पावरप्ले में तूफानी शुरूआत की और जैकब बेथेल की अनुपस्थिति में इस सत्र में पहली बार पारी का आगाज करने उतरे वेंकटेश अय्यर (19 गेंद में 44 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत चार ओवर में 57 रन बना लिए थे। पां च वें ओवर में ईशान मलिंगा (33 रन देकर दो विकेट) ने वेंकटेश की पारी समाप्त की जिनका कैच अभिषेक शर्मा ने लिया जबकि विराट कोहली (15 रन) छठे ओवर में साकिब हुसैन की गेंद पर कवर पर आर स्मरण के हाथों लपके गए। लेकिन तब तक आरसीबी ने छह ओवर में दो विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए थे।

हैदराबाद-255/4 (20)

खिलाड़ी	रन
अभिषेक शर्मा का सब बो सूयश	56
ट्रेविस हेड बो रसिख सलाम	26
ईशान का पडिक्कल बो सलाम	79
क्लासेन का वेंकटेश बो पंड्या	51
नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद	29
अतिरिक्त : 14	
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 255 रन	
विकेट पतन : 1-45, 2-97, 3-210, 4-255	
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-51-0, हेजलवुड 4-0-55-0, रसिख सलाम 4-0-52-2, सूयश 3-0-36-1, शेफर्ड 3-0-37-0, कृणाल पंड्या 2-0-24-1	

बेंगलुरु-200/4 (20)

खिलाड़ी	रन
अय्यर का अभिषेक बो मलिंगा	44
विराट का स्मरण बो साकिब हुसैन	15
देवदत्त का अभिषेक बो मलिंगा	21
रजत का स्मरण बो साकिब हुसैन	56
कृणाल पंड्या नाबाद	41
टिम डेविड नाबाद	15
अतिरिक्त : 08	
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन	
विकेट पतन : 1-60, 2-74, 3-94, 4-178	
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-48-0, मलिंगा 4-0-33-2, शिवांग 2-0-32-0, साकिब हुसैन 4-0-31-1, हर्षल पटेल 4-0-37-0, नीतिश रेड्डी 1-0-10-0, ट्रेविस हेड 1-0-7-1	

हार से आहत पंजाब, एलएसजी के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत, आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला

लखनऊ। लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले 6 मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले 7 मैचों में 6 जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार 6 हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं।

विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और 9 टी20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा, मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा।

हरियाणा की टीम ने कुल 3 स्वर्ण और 2 रजत सहित 5 पदक जीते

जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में हरियाणा बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 17 से 21 मई तक आयोजित हुई 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने कुल 3 स्वर्ण और 2 रजत सहित 5 पदक जीते। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही हरियाणा ओवरऑल चैंपियन बना। टीम के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर मेंस टीम के कोच दीपक रेड्डू और वुमेन्स टीम के कोच विजेंद्र सांगवान ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पदक विजेता खिलाड़ी

रोहतक के सक्षम ने मेंस सिंगल्स इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।भिवानी के करण सहारन और रोहतक के नितिन ने मेंस पेयर इवेंट में इस जोड़ी ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। हिसार की अदिति मलिक, अनुष्का फोगाट, जींद की कुशल चहल और महक ने गर्ल्स फोर इवेंट में इन चारों खिलाड़ियों ने टीम वर्क की बदौलत हरियाणा को स्वर्ण पदक दिलाया। हिसार की तमन्ना और कुमकुम ने गर्ल्स इवेंट में शानदार खेल दिखाते हुए टीम के लिए सिल्वर मेडल जीता। हांसी के अरमान लोहान व गगन, जींद के नितिन चहल और अरमान दुल ने बॉयज फोर इवेंट में इस टीम ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया।

पुणे में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

कोच चांद चहल ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले इन सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो कि महाराष्ट्र के पुणे में आगामी नवंबर महीने में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत के लिए यह बेहद गौरव का क्षण है क्योंकि पूरे 25 साल के लंबे अंतराल के बाद देश में इस इंटरनेशनल इवेंट (एशियन चैंपियनशिप) की वापसी हो रही है। इससे पहले साल 2000 में चंडीगढ़ में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस बार पुणे में होने जा रहे इस मुकाबले में हरियाणा के इन खिलाड़ियों से देश को ढेरों उम्मीदें होंगी।

अनिमेश ने 100 मी दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बरकरार रखा

भाषा ⏭ रांची

अनिमेष कुजुर ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के पहले दिन नाटकीय घटनाक्रम के बीच पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड फिर से हासिल कर लिया। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में कुछ ही मिनटों के भीतर राष्ट्रीय रिकॉर्ड दो बार टूटा। पहली सेमीफाइनल हीट में गुरिंदरवीर सिंह ने अनिमेष के 10 महीने पुराने 10.18 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 10.17 सेकंड का समय निकाला। लेकिन यह रिकॉर्ड कुछ ही मिनट टिक पाया क्योंकि दूसरी सेमीफाइनल हीट में अनिमेष ने 10.15 सेकंड का समय निकालकर फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब शनिवार को फाइनल में गुरिंदरवीर और अनिमेष के बीच एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रहे अनिमेष ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा तय 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफिकेशन मानक 10.16 सेकंड को भी पार कर लिया। महिलाओं की लंबी कूद में भारत की दो दिग्गज खिलाड़ी शैली सिंह और एंसी सोजन एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए जोर-आजमाइश करती नजर आईं। आखिरकार एंसी ने 6.75 मीटर की दूरी के साथ जीत हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने पिछले साल कोच्चि में शैली द्वारा बनाए गए 6.64 मीटर के मीट रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। 'अंजू बॉबी जॉर्ज स्पोर्ट्स फाउंडेशन' का प्रतिनिधित्व कर रहीं शैली को 6.58 मीटर की कूद के साथ दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

क्र.सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	बंद होने की तिथि
1.	61265655	सप्लाई टेस्टिंग, कमीशनिंग ऑफ पावर ट्रांसफार्मर	1 नग	18 जून 2026

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 61265655 1731/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

6 माइल, सामदुर तादोंग -737102
गंगटोक, सिक्किम, भारत
फोन-03592-251212, 251415, 251656
टेलीफैक्स-251067
वेबसाइट- www.cus.ac.in

सिक्किम विश्वविद्यालय
SIKKIM UNIVERSITY

6" Mile, Samdur, Tadong-737102
Gangtok, Sikkim. India
Ph. 03592-251212, 251415, 251656
Telefax: 251067
Website: www.cus.ac.in

(भारत के संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित और नेक (एनएएसी) द्वारा वर्ष 2015 में प्रत्यावित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A central university established by an Act of Parliament of India in 2007 and accredited by NAAC in 2015)

SU/REG/Acad/F-1/13/2026/Vol-1/ दिनांक : 23.05.2026

प्रवेश सूचना

सिक्किम विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निम्नलिखित विभागों में प्रमाणपत्र, स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर ((पीजी) और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा करता है।

1. मानवशास्त्र (एमए/एम.एससी, पीएच. डी)
2. भूटिया (एमए)
3. वनस्पति विज्ञान (एम. एससी, पीएच.डी)
4. रसायनिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
5. चीनी (एफवाईयूजी, एमए, पीएच.डी)
6. वाणिज्य (एम.कम,)
7.कंप्यूटर अनुप्रयोग (एमसीए, पीएच.डी)
8. अर्थशास्त्र (एमए, पीएच.डी)
9. शीक्षा (एमए, एम.ईडी, पीएच.डी)
10. अंग्रेजी (एमए, पीएच.डी)
11. भूगोल (एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
12. भूविज्ञान (एससीपीएच. डीand एससीin ईएनविएस,)
13. हिंदी (एफवाइयूजी, एमए, पीएच.डी)
14. इतिहास (एमए, पीएचडी)
15. उद्यानिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
16. अंतराष्ट्रीय संबंध (एमए)
17. विधि (एलएलएम)
18. लेप्चा (एमए)
19. पुस्तकालय विज्ञान (एम.एल.आई.एससी.)
20. लिम्बू (एमए)
21. प्रबंधन (एमबीए)
22. जनसंचार (एमए)
23. गणित (एम.एससी, पीएच.डी)
24. सूक्ष्म जीव विज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)
25. संगीत (एफवाइयूजी, एमपीए, पीएच.डी)
26. नेपाली (एमए, पीएच.डी)
27. शांति एंव द्वंव द्वंव अध्ययन एंव प्रबंधन (एमए, पीएच.डी)
28. भौतिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
29. राजनीति विज्ञान (एमए)
30. मनोविज्ञान (एफवाइयूजी, एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
31. समाजशास्त्र (एमए)
32. पर्यटन (एमटीटीएम, पीएच.डी)
33. प्राणीविज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी))
34. बौद्ध अध्ययन केंद्र (बौद्ध अध्ययन में एमए

सिक्किम विश्वविद्यालय में प्रमाणपत्र, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी अंक अनिवार्य है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.cus.ac.in पर 25 मई 2026 से 10 जून, 2026 (मध्यरात्रि तक) उपलब्ध रहेगा। (प्रमाणपत्र और स्नातक कार्यक्रमों के लिए सीयूईटीपरिणामों के विलंब से प्रकाशन के कारण पंजीकरण तिथियों में कोई भी बदलाव विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगी)।

पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.cus.ac.in पर 25 मई से 10 जून, 2026 (मध्यरात्रि तक) उपलब्ध रहेगा।

प्रवेश के लिए पात्रता, सीटों की संख्या, प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश कैलेंडर, शुल्क संरचना, पीएच. डी के लिए साक्षात्कार की तिथि के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यक्रम विवरणिका को देखने की सलाह दी जाती है।

CBC 21318/11/0001/2627 REGISTRAR

मलेशिया मास्टर्स

अश्मिता का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं।

चालिहा ने संयमित खेल से किया प्रभावित

चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

माया रेवती खेलेंगी जूनियर फ्रेंच ओपन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की प्रतिभाशाली युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती सीनियर सर्किट में धीरे-धीरे प्रवेश करने की अपनी योजना के तहत इस सत्र में जूनियर और पेशेवर टूर्नामेंटों के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन कायम करना चाहती हैं। सोलह वर्षीय माया इस साल जूनियर फ्रेंच ओपन में चुनौती पेश करेंगी। इस वर्ष उन्होंने मुख्य रूप से जूनियर सर्किट में ही भाग लिया है। उनकी कोचिंग टीम का कहना है कि यह कदम आत्मविश्वास बढ़ाने, मैच का अनुभव हासिल करने और पेशेवर प्रतियोगिताओं में बड़ा कदम उठाने से पहले मजबूत जूनियर रैंकिंग बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। स्पेन की 'राफा नडाल अकादमी' में पूर्णकालिक प्रशिक्षण ले रही माया ने कहा कि यूरोप के अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में खेलने से उनके विकास में तेजी आई है। माया ने कहा, एक निश्चित स्तर पर, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे प्रतिस्पर्धा करते हैं। यूरोप में आप हर दिन समान स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और इससे आपको बहुत अनुभव मिलता है। वह अप्रैल में फ्रांस में 'क्ले कोर्ट' पर आयोजित जे300 प्रतियोगिता जीतने के अलावा स्पेन और मिस्र में कुछ टूर्नामेंटों में सेमीफाइनल तक पहुंचीं।

रोनाल्डो ने अल नासर को बनाया चैंपियन, दागे शानदार दो गोल

जीता सऊदी प्रो लीग का खिताब, दमाक को 4-1 से हराया

एजेंसी ⏭ रियाद

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपें	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 10 एम.सी. रोहतक में सेक्टर 3 हाउसिंग बोर्ड गलियों की रि-कार्पेटिंग हेतु एस/आर।	21.05.2026 28.05.2026	रू. 39.26 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com
2	नगर निगम रोहतक	गांव बोहर, वार्ड नं. 10 एम.सी. रोहतक में अठगामा भवन से सीलक बैठक और इसके साथ लगती गलियों, मंडाला तालाब के निकट एलएचएस साइड गली से आईपीबी टाइल पुनः बिछाना और शमशान घाट के निकट नाला साइड आईपीबी टाइल पुनः बिछाना, नांदल भवन तालाब के निकट चारदीवारी को ऊपर उठाना और आशाराम बापू से नांदल भवन फ्रंट नाला तक ड्रेन का निर्माण।	21.05.2026 01.06.2026	रू. 64.15 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com
3	नगर निगम रोहतक	सेक्टर-2 रोहतक में सामुदायिक केंद्र में कार्यालय और शौचालय का निर्माण (पुनःआमंत्रण)।	21.05.2026 28.05.2026	रू. 34.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/80/45496/I/88/6 दि. 22.05.26

Divisa
आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness
असर पहले दिन से
Dr. Juneja's EYE Mantra EYE Drop
100% Ayurvedic Eye Relief Drops
Dr. Juneja's EYE Mantra®
Clinically Tested*
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

खबर संक्षेप

24 मई को देशभर में चलेंगी साइकिल

नई दिल्ली। भारत 24 मई 2026 को 'कॉमनवेल्थ गेम्स डे' के अवसर पर फिटनेस और खेल संस्कृति को नई ऊंचाई देने जा रहा है। 'खेल और युवा शक्ति का महाकुंभ' बने इस खास दिन देश भर में आठ हजार से अधिक स्थानों पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' अभियान के तहत लाखों लोग साइकिल चलाते नजर आएंगे। आयोजन का मुख्य केंद्र गुजरात का अहमदाबाद होगा, जहां इस अभियान का ऐतिहासिक 75वां एडिशन आयोजित किया जाएगा।

नेपाल में नई गाड़ियों की बिक्री पर रोक

काठमांडू। वैश्विक तनाव के कारण नेपाल में ईंधन संकट गहरा गया है। बालेन सरकार ने बढ़ती भीड़, प्रदूषण और ईंधन लागत का हवाला देते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों सहित नए वाहन पंजीकरण पर रोक लगा दी। गुरुवार को यातायात प्रबंधन विभाग ने परिपत्र जारी कर अगली सूचना तक नए पंजीकरण पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही शुक्रवार से यातायात कार्यालयों ने काले नंबर प्लेट वाली गाड़ियों का पंजीकरण बंद कर दिया है।

केंद्रीय कार्यालयों में 28 को होगी ईद-उल-अजहा की छुट्टी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार पर होने वाले अवकाश की तारीख में बदलाव किया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब दिल्ली और देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026 को सार्वजनिक छुट्टी रहेगी। इस्लाम धर्म में ईद-उल-अजहा का विशेष महत्व है, जिसे त्याग और कुर्बानी का त्योहार माना जाता है। यह हजरत इब्राहिम की खुदा के प्रति अटूट आस्था की याद में मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने के बाद बकरे की कुर्बानी देते हैं। चांद के दीदार के अनुसार त्योहार की तारीख तय होने के कारण सरकार ने छुट्टी के कैलेंडर में यह संशोधन किया है।

ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से की मुलाकात

ईरान-अमेरिका के बीच समझौते के अंतिम मसौदे की घोषणा जल्द होने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/तेहरान

पाकिस्तान को अमेरिका-ईरान शांति समझौते में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले संभावित समझौते के अंतिम मसौदे की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। यह दावा तब किया गया है कि जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ईरान के दौरे पर हैं। इस बीच शुक्रवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की है। इस दौरान ईरान युद्ध को खत्म करने के प्रस्तावों पर चर्चा हुई है। सऊदी अरब के सरकार समर्थित मीडिया अल अरबिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले संभावित समझौते के अंतिम मसौदे की घोषणा कुछ ही घंटों में होने की उम्मीद है। उसने अपनी रिपोर्ट में समझौते की कुछ प्रमुख शर्तों का भी जिक्र किया है। ईरान-अमेरिका शांति समझौते का एक ड्रॉफ्ट भी हाल में ही सार्वजनिक हुआ है। इस मसौदे को ईरान की तरफ से हरी झंडी भी मिल गई है।

- पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ईरान के दौरे पर
- पाकिस्तानी गृह मंत्री मोहसिन नकवी पहले से ही ईरान में हैं
- इस बीच कतर की एक वार्ता टीम भी तेहरान में मौजूद है

शांति वार्ता के ड्राफ्ट में क्या है?

- जमीन, समुद्र और हवा सहित सभी मोर्चों पर तत्काल, व्यापक और बिना शर्त युद्धविराम।
- सैन्य, नागरिक या आर्थिक बुनियादी ढांचे को निशाना न बनाने की आपसी प्रतिबद्धता।
- सैन्य अभियानों की समाप्ति और मीडिया युद्ध पर रोक।
- संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के सम्मान की प्रतिबद्धताएं।
- अरब खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में नौवहन की स्वतंत्रता की गारंटी।
- समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी और विवादों को सुलझाने के लिए एक संयुक्त तंत्र।
- लंबित मुद्दों पर बातचीत सात दिनों के भीतर शुरू होगी।
- समझौते की शर्तों के प्रति ईरान की प्रतिबद्धता के बदले अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाना।

बातचीत में कुछ अच्छे संकेत मिले : रूबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पत्रकारों से कहा कि बातचीत में कुछ अच्छे संकेत मिले हैं, लेकिन अगर तेहरान जलडमरूमध्य में टोल प्रणाली लागू करता है, तो कोई समाधान नहीं निकल पाएगा। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद तेहरान ने अधिकांश जहाजों के लिए इस जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था। रूबियो ने कहा कि कुछ अच्छे संकेत मिले हैं।

ईरान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने क्यूबा पर बनाया दबाव

हमारा पड़ोसी एक नाकाम देश बुनियादी सुविधाओं की कमी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्यूबा पर दबाव बढ़ा दिया है। दोनों नेताओं ने क्यूबा को एक 'नाकाम और असफल' देश करार दिया है। उन्होंने कहा कि क्यूबा अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। फ्लोरिडा और व्हाइट हाउस में अलग-अलग बयानों में दोनों अधिकारियों ने संकेत दिया कि वे क्यूबा के प्रति अब और भी सख्त रवैया अपनाएंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान निकालने का रास्ता अभी बंद नहीं हुआ है। व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका क्यूबा के लोगों और वहां से आकर अमेरिका में बसे लोगों की मदद करना चाहता है। क्यूबा में बिजली नहीं है, लोगों के पास पैसे नहीं हैं और खाने-पीने की चीजों की भी भारी कमी है। वे इंसानियत के नाते क्यूबा की मदद करना चाहते हैं।

क्यूबा में रूस और चीन मौजूद

दूसरी तरफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्यूबा लगातार अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। रुबियो ने याद दिलाया कि क्यूबा अमेरिकी तट से सिर्फ 90 मील दूर है। वहां एक ऐसी सरकार है जिसे अमेरिका के दुश्मनों के दोस्त चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि क्यूबा में रूस और चीन की खुफिया एजेंसियां मौजूद हैं।

होर्मुज बंद होने के बाद खरीद बढ़ाई

भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

नई दिल्ली। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है।

एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी।

वेनेजुएला की राष्ट्रपति जल्द भारत आएंगी

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज अगले हफ्ते भारत आ सकती हैं। माना जा रहा है कि इस दौरान तेल आपूर्ति को लेकर बातचीत होगी। करीब 303 अरब बैरल तेल भंडार के साथ वेनेजुएला दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार वाला देश माना जाता है। यह भंडार सऊदी अरब और अमेरिका से भी ज्यादा है। हालांकि वर्षों तक अमेरिकी प्रतिबंधों और सरकारी कुप्रबंधन की वजह से वहां तेल उत्पादन बुरी तरह प्रभावित रहा।

भारत को उसकी जरूरत के हिसाब से तेल देगा अमेरिका: रुबियो

नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो 23 मई से 26 मई तक चार दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। भारत के दौरे पर निकलने से पहले उन्होंने गुरुवार को मियामी एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात की। जिसमें रुबियो ने भारत की जमकर तारीफ की। उन्होंने भारत को एक 'महान सहयोगी और बेहतरीन साझेदार' बताया। रुबियो ने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर चिंतित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत जितना भी तेल और ऊर्जा खरीदना चाहेगा, अमेरिका उसे उतनी मात्रा में बेचने के लिए तैयार है। अमेरिका इस समय ऐतिहासिक स्तर पर ऊर्जा का उत्पादन और निर्यात कर रहा है। रुबियो ने यह भी बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से भारत में तेल की कीमतें बढ़ी हैं, ऐसे में अमेरिका भारत के ऊर्जा पोर्टफोलियो का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहता है।

पति के बोन कैंसर का दिया हवाला

अमेरिका में खुफिया विभाग की चीफ तुलसी गबार्ड ने इस्तीफा दिया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

तुलसी गबार्ड ने अपने पति के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि उनके पति कैंसर से जूझ रहे हैं, इसलिए वह पद छोड़ रही हैं। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पद छोड़ने वाली वह चौथी कैबिनेट अधिकारी हैं। गबार्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'दुर्भाग्यवश, मुझे अपना इस्तीफा देना पड़ रहा है, जो 30 जून, 2026 से प्रभावी होगा। मेरे पति अब्राहम के हाल ही में हड्डी कैंसर के एक अत्यंत दुर्लभ प्रकार से पीड़ित होने पता चला है।" अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान पर हमला करने का फैसला किए जाने के बाद गबार्ड के ट्रंप से अलग होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि राष्ट्रीय खुफिया कार्यालय का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही।

भारत ने किया परमाणु हमले में सक्षम अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। घरेलू मोर्चे पर पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं पर बनी हुई युद्ध की साझा चुनौती के बीच भारत ने शुक्रवार को परमाणु हमले में महारत रखने वाली कम दूरी की अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जिसे पूर्वी भारत में स्थित ओडिशा की एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) चांदीपुर से किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक जारी कर बताया कि परीक्षण के दौरान यह मिसाइल अपने सभी रणनीतिक और तकनीकी मानकों पर पूरी तरह से खरी उतरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के तहत इस परीक्षण को पूरा किया गया है। यह कमांड देश की त्रिस्तरीय परमाणु हमला करने की क्षमता (न्यूक्लियर ट्रायड, जल, थल और नभ से हमला करने में दक्ष) रखने वाले सभी हथियारों की निगरानी और रणनीतिक संचालन की जिम्मेदारी संभालती है। इस परीक्षण की मदद से कहीं न कहीं इसकी मारक क्षमता में भी परभारत ने किया परमाणु ...काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।1200 किलोमीटर तक करेगी मार: दरअसल, अग्नि-1 देश की एक कम दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है।

भारत ने काबुल भेजी 20 टन चिकित्सा सामग्री

नई दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान के बाल टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए 20 टन महत्वपूर्ण चिकित्सा सामग्री की एक खेप काबुल भेजी। यह सामग्री मुख्य रूप से बीसीजी, टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकों के निर्माण और रखरखाव के लिए भेजी गई है। भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में अफगानिस्तान के मित्रवत लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें, अफगानिस्तान वर्तमान में स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक दवाओं की भारी कमी से जूझ रहा है। भारत की ओर से भेजे गए इस चिकित्सा सामग्री से वहां के बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को बिना किसी रुकावट के चलाने में मदद मिलेगी, जिससे डिप्थीरिया, टेटनस और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकेगा।

ऑनलाइन सेवाएं ही सहारा

आज से 6 दिन तक बंद रहेंगी एसबीआई की सेवाएं

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से जुड़े ग्राहकों के लिए अहम सूचना है। 23 से 28 मई यानी छह दिनों तक अलग-अलग कारणों से बैंक शाखाओं में कामकाज बाधित रहेगा। इस दौरान ग्राहकों को केवल ऑनलाइन सेवाओं का ही सहारा लेना होगा। इसमें साप्ताहिक अवकाश, सरकारी छुट्टियां और कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल शामिल हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जा सकते हैं। ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन (एआईएसबीआई) ने इस आंदोलन का ऐलान किया है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों में नौकरी की सुरक्षा, बेहतर कामकाजी परिस्थितियां और भर्ती से जुड़े कई मुद्दे शामिल हैं।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

प्रमुख रूप से खाली पदों पर स्थायी भर्ती, शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था, पेंशन और प्रमोशन नीति में सुधार, आउटसोर्सिंग पर रोक, और कर्मचारियों के हितों से जुड़े अन्य बदलाव शामिल हैं। साथ ही मेडिकल सुविधाओं में सुधार, एचआर सिस्टम की समस्याओं का समाधान जैसी मांगें भी रखी गई हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का संकेत

डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी से भारत की वैश्विक आर्थिक रैंकिंग पर भी असर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट अब केवल अस्थायी दबाव नहीं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का संकेत मानी जा रही है। आर्थिक विश्लेषकों का कहना है कि बढ़ती आयात निर्भरता, विदेशी पूंजी का दबाव और वैश्विक भू-राजनीतिक संकट रुपये को कमजोर बना रहे हैं। अर्थशास्त्री महाजन के अनुसार, भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह 2014-15 के करीब 40.9 अरब डॉलर से घटकर पिछले वित्त वर्ष में लगभग 10.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं डिविडेंड, रॉयल्टी और ब्याज भुगतान के जरिए 2024-25 में करीब 48.4 अरब डॉलर की शुद्ध विदेशी मुद्रा निकासी हुई। इसके साथ ही भारत की विदेशी प्रेषण (रेमिटेंस) पर निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है। अनुमान के मुताबिक, हर साल करीब 140 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत आता है, जो देश के भुगतान संतुलन को संभालने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अभी भी ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक मशीनरी के आयात पर अत्यधिक निर्भर है, जिससे बाहरी आर्थिक झटकों का खतरा बना रहता है। महाजन ने आयात निर्भरता कम करने के लिए चुनिंदा टैरिफ बाधाएं, सट्टा पूंजी पर सख्त निगरानी और मजबूत औद्योगिक नीति की वकालत की है। हालांकि आलोचकों का मानना है कि इससे निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो सकता है।अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में इस साल रुपये की गिरावट अधिक गंभीर मानी जा रही है। जापानी येन और चीनी युआन पर भी दबाव रहा, लेकिन उन देशों के मजबूत निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार ने स्थिति संभाले रखी। भारत के मामले में लगातार चालू खाता घाटा और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता बड़ी कमजोरी बनी हुई है। रुपये की कमजोरी का असर भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति पर भी दिखाई देने लगा है। भारत कुछ समय के लिए डॉलर आधारित जीडीपी के हिसाब से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था।

ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक मशीनरी के आयात पर अत्यधिक निर्भरता से खतरा बना हुआ

रुपया 100 प्रति डॉलर तक पहुंचने के आसार

रिसर्च विश्लेषकों का अनुमान है कि यदि तेल कीमतों में नरमी रही और आरबीआई का हस्तक्षेप जारी रहा तो वर्ष के अंत तक रुपया 95 प्रति डॉलर के आसपास स्थिर हो सकता है। हालांकि पश्चिम एशिया संकट बढ़ने या विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने की स्थिति में रुपया 100 प्रति डॉलर तक भी पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि दीर्घकाल में भारत को विनिर्माण निर्यात बढ़ाने, आयात निर्भरता घटाने और स्थिर दीर्घकालिक निवेश आकर्षित करने पर जोर देना होगा। तभी रुपये को स्थायी मजबूती मिल सकेगी।

भारत-ईयू एफटीए से बनी नई संभावनाएं

नई दिल्ली (ब्यूरो)। यूक्रेन से लेकर पश्चिम-एशिया संकट की वैश्विक चुनौती के दौर में शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के अलावा आपसी हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया है। जिसकी मदद से संबंधों को एक नई आकांक्षा और गति मिलेगी। हमारा नाता समय की हर कसौटी पर हमेशा खरा उतरा है। आज के निर्णय से हम अपने संबंधों को नई आकांक्षा और गति प्रदान करने जा रहे हैं। दोनों देश मिलकर एक सुरक्षित, समृद्ध और बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। पीएम ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि 'राष्ट्रपति निकोस की यात्रा से हकीकत में दोनों देशों को काफी लाभ होगा।

अगले पांच वर्षों में निवेश को दोगुना करेंगे भारत-साइप्रस

ट्विशा के पति समर्थ सिंह ने किया जबलपुर जिला कोर्ट में सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में शुक्रवार को कई बड़े घटनाक्रम सामने आए। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश के बीच, जबलपुर हाईकोर्ट ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का ऐतिहासिक आदेश दिया है।

वहीं, मृतका के पति समर्थ सिंह ने जबलपुर जिला कोर्ट में कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। शुक्रवार को गृह विभाग की अधिसूचना के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने सीबीआई को इस मामले से जुड़े अपराध, साक्ष्य, दुष्प्रेरण और अन्य पहलुओं की जांच की अनुमति भी दे दी है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने ट्विशा शर्मा के पिता नवनिधि शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दिल्ली एम्स के डायरेक्टर को तत्काल एक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं।

यह टीम भोपाल एम्स में मृतका का दोबारा पोस्टमार्टम करेगी। सीबीआई पता संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। वे पहले हुए पोस्टमार्टम से संतुष्ट नहीं थे। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार को दोबारा पोस्टमार्टम से कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि इसका कारण स्पष्ट होना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ता के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि दोबारा पोस्टमार्टम से मौत की असली वजह और तथ्य अधिक स्पष्ट हो सकेंगे। इससे पहले भोपाल जिला एवं सत्र न्यायालय ने परिजनों की दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

मप्र सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश

- समर्थ के वकील ने केस छोड़ा
- दिल्ली एम्स की टीम भोपाल में करेगी दोबारा पोस्टमार्टम

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28